Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 116 जयपुर, सोमवार, 30 सितम्बर 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: '1.50

अब होंगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

### वन नेशन-वन इलेक्शन:3 बिल ला सकती है सरकार

## दो संविधान संशोधन कराने होंगे, नवंबर-दिसंबर में बिल आएगा

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। देश में एक साथ चुनाव कराने की अपनी योजना को अमल में लाने के लिए सरकार द्वारा 3 विधेयक लाए जाने की संभावना है, जिनमें दो संविधान संशोधन से संबंधित होंगे। प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयकों में से एक स्थानीय निकाय चुनावों को लोकसभा और विधानसभाओं के साथ कराए जाने से संबंधित है। इसके लिए कम से कम 50% राज्यों के अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। 'एक देश, एक चुनाव' योजना के साथ आगे बढ़ते हुए, सरकार ने इस महीने की शुरुआत में देशव्यापी सहमति बनाने की कवायद के बाद चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने की उच्च-स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया। पहला संविधान संशोधन विधेयक- लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रावधान करने से संबंधित होगा। इसमें विधानसभाओं को भंग करने और 'एक साथ चुनाव' शब्द को शामिल करने के लिए अनुच्छेद 327 में संशोधन करने से संबंधित प्रावधान भी हैं। इस को 50% राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता नहीं होगी। दूसरा संविधान- स्थानीय निकायों के चुनावों के लिए राज्य निर्वाचन आयोगों के परामर्श से निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर सूची तैयार करने से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव करेगा। तीसरा संशोधन- यह बिल केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित तीन कानूनों के प्रावधानों में संशोधन करने वाला एक सामान्य विधेयक होगा।



### 18 सितंबर को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी

18 सितंबर को कैबिनेट की मंजूरी, नवंबर-दिसंबर में आएगा बिल देश में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) करवाने के प्रस्ताव को 18 सितंबर को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। बिल शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में पेश किया जाएगा। 17 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार इसी कार्यकाल में 'वन नेशन वन इलेक्शन' लागू करेगी। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है। पैनल 2 सितंबर 2023 को बनाया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है।

### 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं

सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए। हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। पहले फ़ेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एकसाथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फ़ेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा। कोविंद पैनल ने एकसाथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है। अभी ऐसी है वन नेशन-वन इलेक्शन की संभावना एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। साथ ही इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है। यह तस्वीर मार्च 2024 की है।

### रिसर्चर्स बोले- चंद्रयान-3 चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर पर उतरा

## यह 3.85 अरब साल पहले बना था, इस साइट पर कोई दूसरा मिशन लैंड नहीं हुआ

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। चंद्र मिशन और सैटेलाइट्स की तस्वीरों का विश्लेषण करने वाले वैज्ञानिकों ने अनुमान जताया है कि चंद्रयान-3 चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर्स में से एक पर उतरा। वैज्ञानिकों की टीम में अहमदाबाद के फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी एंड इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के रिसर्चर्स भी शामिल हैं। फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी के प्लैनेटरी साइंस डिवीजन में एसोसिएट प्रोफ़ेसर एस विजयन ने बताया कि यह क्रेटर 3.85 अरब साल पहले नेक्टेरियन काल के दौरान बना था। नेक्टेरियन काल चंद्रमा के इतिहास में सबसे पुराने समय काल में से एक है। एस विजयन ने न्यूज एजेंसी घ्ट्ठक्को बताया कि चंद्रयान-3 लैंडिंग साइट एक यूनीक जियोलॉजिकल सेटिंग है। वहां इससे पहले कोई दूसरा मिशन नहीं गया है। चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर से ली गईं तस्वीरें इस लैटिट्यूड पर चंद्रमा की पहली तस्वीरें हैं। तस्वीरें से पता चलता है कि चंद्रमा समय के साथ कैसे बदला है। भारत ने चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को 3 बजकर 35 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया था। 22 दिन बाद 5 अगस्त को यह चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंचा था। चंद्रयान-3 ने लॉन्च होने के 41वें दिन 23



अगस्त को चंद्रमा पर लैंडिंग की। इसी के साथ भारत चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने वाला पहला देश बन गया। क्रेटर क्या है और कैसे बनता है किसी भी ग्रह, उपग्रह या अन्य खगोलीय वस्तु पर बड़े गड्ढे को क्रेटर कहा जाता है। ये क्रेटर ज्वालामुखी विस्फोट से बनते हैं। इसके अलावा किसी उल्का पिंड के किसी अन्य पिंड से टकराने से भी क्रेटर बनते हैं। गड्ढे से बाहर निकले सामान को इजेक्टा कहते हैं। एस विजयन ने बताया कि जब आप रेत पर गेंद फेंकते हैं तो रेत का कुछ हिस्सा वहां से निकल जाता है या बाहर की ओर उछलकर एक छोटे ढेर में तब्दील हो जाता है। इजेक्टा भी इसी तरह बनता है। प्रज्ञान को चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह पर उतारा था। चंद्रयान-3 एक ऐसे क्रेटर पर उतरा था।

### जम्मू में भाषण के दौरान बेहोश हुए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे: बोले

## इतना जल्दी मरने वाला नहीं, जब तक प्रधानमंत्री मोदी को हटाएंगे नहीं, जिंदा रहूंगा

■ संजीवनी टुडे

श्रीनगर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेहोश हो गए। खड़गे कल कठुआ में जाने गंवाने वाले कॉन्स्टेबल को श्रद्धांजलि दे रहे थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। भाषण देते हुए खड़गे की आवाज धीमी होती चली गई और अचानक वे बेसुध हो गए। इसके चलते भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खड़गे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा।

आपकी बात सुनता रहूंगा। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्ज़ा दिलाने के लिए बात रखता रहूंगा। जम्मू में खड़गे ने कहा था- जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्ज़ा दिलाएंगे मल्लिकार्जुन खड़गे ने 22 सितंबर को जम्मू में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्ज़ा दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य को इससे पहले कभी केंद्र शासित प्रदेश नहीं बनाया गया था। उन्होंने आगे कहा कि हम पीएम मोदी और भाजपा से पूछना चाहते हैं कि जब आपके पास



पूरी शक्ति है, तो आपने अब तक जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्ज़ा क्यों नहीं दिया। खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के लिए कांग्रेस के मेनिफ़ेस्टो का जिक्र करते हुए कहा कि हमने प्रदेश के लिए सात वादे किए हैं। हमारा पहला वादा है कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्ज़ा वापस दिलाया जाएगा। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। 2019 में आर्टिकल-370 हटाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। जम्मू-कश्मीर में 90 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 7 अनुसूचित जातियों के लिए और 9 अनुसूचित जनजातियों के लिए रिजर्व हैं। 18 सितंबर को पहले फ़ेज और 25 सितंबर को दूसरे फ़ेज की वोटिंग हो चुकी है। 1 अक्टूबर को तीसरे फ़ेज की वोटिंग होगी।

### चुनाव आयोग के मुताबिक यहां 88.06 लाख वोटर

8 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक यहां 88.06 लाख वोटर हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने 28 सीटें, जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (गए) ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं। कांग्रेस 90 में से 32 सीटों पर चुनाव लड़ रही जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस (गए) और कांग्रेस के सीट शेयरिंग कर रहे हैं।

### हरियाणा चुनाव- राम रहीम ने 11वीं बार पैरोल मांगी

## ईसी ने पूछा- इस वक्त परमिशन देना कितना सही, 4 जिलों की 36 सीटों पर असर

■ संजीवनी टुडे

चंडीगढ़। हरियाणा चुनाव के बीच साध्वियों के यौन शोषण और कत्ल केस में 20 साल कैद काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम ने सरकार से इमरजेंसी पैरोल मांगी है। राम रहीम ने जेल विभाग को आवेदन कर 20 दिन की पैरोल देने के लिए कहा है। इस दौरान उसने उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम में रहने की बात कही है। राम रहीम 13 अगस्त को ही 21 दिन की फरलो पर बाहर आया था। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगी हुई है। इस वजह से सरकार ने राम रहीम के आवेदन को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास भेजा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर पैरोल को लेकर सवाल पूछे हैं। पत्र में पूछा गया है कि चुनाव के टाइम किसी दोषी को पैरोल पर रिहा करना कितना सही है डेरा प्रमुख इस समय हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल में बंद हैं। चुनाव के लिहाज से देखें तो राम रहीम का हरियाणा के सिरसा, अंबाला, कुरुक्षेत्र और हिसार जिले में खासा प्रभाव है। इन चारों जिलों में करीब 36 विधानसभा सीटें आती हैं। नियमों के मुताबिक अगर सरकार को लगता है कि किसी दोषी अपराधी को पैरोल पर रिहा करना आवश्यक है।



### इसलिए आयोग ने सरकार से पूछा

जेल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में पैरोल मांगने के लिए कारण बताने की जरूरत नहीं होती। केवल इमरजेंसी पैरोल के लिए कारण बताना जरूरी होता है। राम रहीम की साल 2024 में 20 दिन की पैरोल बची है। अधिकारी ने बताया कि पैरोल को आमतौर पर डिवीजनल कमिश्नर स्तर पर मंजूरी दी जाती है। हालांकि, आदर्श आचार संहिता के कारण जेल विभाग ने इस मामले को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेज दिया है। राम रहीम को 25 अगस्त 2017 को 2 साध्वियों के यौन शोषण केस में दोषी ठहराया गया था। इसी साल 27 अगस्त को उसे गिरफ्तार किया गया। इस केस में 28 अगस्त 2017 को उसे 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। जिसके बाद से वह रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। उसे 11 जनवरी 2019 को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया और 17 जनवरी 2019 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। उसे 2021 में रणजीत सिंह हत्याकांड में भी दोषी ठहराते हुए उम्रकैद दी गई थी। हालांकि इसी साल 28 मई को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने इस मामले में उसे बरी कर दिया। चुनाव आचार संहिता के दौरान किसी दोषी को पैरोल देने से पहले सरकार को नियमों के तहत चुनाव आयोग से पूछना जरूरी है।

## कैबिनेट बैठक में किरोड़ीलाल मीणा ने कहा-एआई भर्ती रद्द हो

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। भजनलाल कैबिनेट से इस्तीफा देने के करीब 3 महीने बाद किरोड़ीलाल मीणा अचनाक रविवार को कैबिनेट की बैठक में शामिल हुए। बैठक में शामिल होने के बाद वे सरकारी गाड़ी से सीएमओ से रवाना हुए, लेकिन उसके बाद सरकारी गाड़ी से उतरकर अपनी प्राइवेट कार में क्यों बैठ गए। कैबिनेट की बैठक में वे बतौर मंत्री शामिल हुए या नहीं, कैबिनेट बैठक में उन्होने कौन-कौन से मुद्दे उठाए। कैबिनेट की बैठक में शामिल होने के बाद कहा गए किरोड़ी। इन तमाम बातों का जवाब जानने के लिए भास्कर ने किरोड़ीलाल मीणा से की खास बातचीत। मुझे प्रदेश अध्यक्ष जी ने कहा था कि आप कैबिनेट की मीटिंग में जाए, मैं मदन राठौड़ के कहने पर गया था। वैसे मैं पहले जो कैबिनेट की बैठक में हुई थी, उसमें नहीं गया। क्योंकि मैंने इस्तीफा दे रखा है। लेकिन संगठन के मुखिया का आदेश था और दूसरा कारण यह था कि कैबिनेट की बैठक में आज सब इंस्पेक्टर का पेपर रद्द होने का प्रकरण रखा गया था। इसलिए भी मैं गया था। मैने अपनी बात वहां रखी। मैने कहा कि जो भ्रष्टाचार पिछली सरकार में हुआ है, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं एसआई भर्ती का पेपर रद्द होना चाहिए। पिछले 5 साल में जो कांवड़ियों की यात्रा यहां से जा रही थी। उस पर हमला किया गया, एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा। उसमें हमारे बहुत से लोग घायल हुए। उसका सबसे बड़ा कारण था, उस समय के विधायक और मंत्री महेश जोशी। जिन्होंने इनको खुला छोड़ रखा था हमारे धर्म के लोगों पर हमला करने के लिए। अब वे चुनाव हार गए हैं। स्वाभाविक है हमारे लोग यहां मजबूत हैं। अब यहां से कोई पलायन नहीं कर रहा और ना ही करेगा। किरोड़ीलाल मीणा ने करीब तीन माह पहले भजनलाल कैबिनेट सेइस्तीफा दे दिया था। 4 जुलाई को जयपुर में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान उन्होने इस बात की जानकारी मीडिया को दी थी। उन्होने कहा था कि वे दो दिन से दिल्ली में थे।



### तिरुपति लड्डू विवाद- एससी में 5 याचिकाओं पर आज सुनवाई

## याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी का सवाल- मंदिर कमेटी ने क्यों नहीं दिखाई जांच रिपोर्ट

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) में प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच 5 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें से दो मुख्य याचिकाएं भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी और तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी की तरफ से लगाई गई हैं। एक अन्य याचिका एडवोकेट सत्यम सिंह की तरफ से लगाई गई। कोर्ट सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा। टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी की तरफ से याचिका में कहा गया कि, चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने जानबूझकर दस्तावेज जारी किए ताकि भक्तों में भ्रम फैले। याचिका में मंदिर की परंपराओं की रक्षा के महत्व पर जोर दिया गया है, क्योंकि प्रसाद के रूप में लड्डू बनाना भारतीय संविधान के आर्टिकल 25 के तहत संरक्षित एक धार्मिक प्रथा है। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की तरफ से लगाई गई याचिका में स्वामी ने पांच सवाल पूछे हैं। क्या घी का सैंपल प्रसाद में इस्तेमाल किए गए घी से लिया गया था या रिजेक्ट किए गए घी के लॉट से?

### घी में मिलावट के आरोपों के बाद हिंदू धार्मिक भावनाओं को ठेस

पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ केस दर्ज आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन पर श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर की पवित्रता को नुकसान पहुंचाने और प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू प्रसादम में इस्तेमाल किए जाने वाले घी में मिलावट के आरोपों के बाद हिंदू धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। हैदराबाद के सैदाबाद पुलिस स्टेशन में एक वकील ने यह शिकायत दर्ज कराई है।प्रसाद के लिए घी किसने भिजवाया। मिलावटी घी की खरीद से कौन सा आपूर्तिकर्ता जुड़ा था? क्या जांच रिपोर्ट में किसी तरह के गलत तथ्य पेश किए गए। क्या गड़बड़ी की गुंजाइश है? मंदिर कमेटी के क्या घी की जांच की। अगर की तो उसके बाद घी कब खरीदा गया? मंदिर के प्रसाद में गड़बड़ी से जुड़ी रिपोर्ट मंदिर कमेटी को जारी करनी चाहिए। पॉलिटिकल पार्टी को क्या परमिशन है? पवन कल्याण ने रविवार (22 सितंबर) की सुबह गुंटूर जिले के नंबूर स्थित श्री दशावतार वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रायश्चित दीक्षा ली। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में एनीमल फैट की बात सामने आने के बाद से लगातार राजनीति हो रही है। डिप्टी एख्र पवन कल्याण ने रविवार (22 सितंबर) से 11 दिनों की प्रायश्चित दीक्षा की शुरुआत की। इस दौरान वह उपवास करेंगे। पवन ने कहा- मुझे अफसोस है कि मैं मिलावट के बारे में पहले क्यों नहीं पता लगा पाया। मुझे दुख हो रहा है। इसके लिए प्रायश्चित करूंगा। हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। इसे माफ नहीं किया जा सकता। दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।



### नर्सिंग अधिकारी को थप्पड़ जड़ा

## मरीज के साथ आए युवक ने भीड़ में से खींचकर पीटा, कपड़े फाड़े

■ संजीवनी टुडे

बाड़ी (धौलपुर)। महिला को इलाज के लिए हॉस्पिटल लेकर पहुंचे परिवार वालों ने नर्सिंगकर्मी को जमकर पीटा। उसे थप्पड़ जड़ दिया। मामला धौलपुर जिले के बाड़ी उप जिला अस्पताल का है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उधर, नर्सिंग कर्मियों ने घटना के विरोध में पीएमओ को ज्ञापन दिया और कार्रवाई की मांग की। नर्सिंग अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने बाड़ी कोतवाली में शिकायत दी है। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया- 28 सितंबर की रात को नर्सिंग अधिकारी मनोज कुमार मीणा की ड्यूटी महिला वार्ड में थी। रात करीब 9:45 बजे खानपुर गांव निवासी जगनबाई पत्नी जगदीश मीणा को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। महिला के साथ उसके परिवार वाले भी आए थे। ड्यूटी डॉक्टर को दिखाने के बाद मरीज का इलाज चल रहा था। इसके 30 मिनट बाद मरीज के परिजन मनोज के पास आए और गाली-गलौज करने लगे। मनोज ने इसका विरोध किया। परिवार वालों में से एक युवक ने मनोज को थप्पड़ जड़ दिया। उसके कपड़े फाड़ दिए उसे जमकर पीटा भी। चिल्लाने की आवाज सुनकर अन्य मरीजों के तीमारदार और स्टाफ मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। हॉस्पिटल में तैनात राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष उदय सिंह रावत ने बताया- बाड़ी हॉस्पिटल में लगातार मरीजों और स्टाफ के साथ इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। मरीजों के मोबाइल चोरी होने के साथ जेब कटी और बाइक चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। अब स्टाफ के साथ भी मारपीट होने लगी है। ऐसे में नर्सिंग एसोसिएशन हॉस्पिटल में 24 घंटे सुरक्षा की मांग करता है। रविवार शाम 4 बजे पीएमओ और कोतवाली थाना अधिकारी को ज्ञापन दिया है। अस्पताल के पीएमओ डॉ. हरी किशन मंगल ने कहा- महिला सेमी अन कॉन्शियस (अर्द्धबेहोशी) की स्थिति में थी। सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। वार्ड में मौजूद नर्सिंग अधिकारी ने उसका इलाज किया। इस दौरान परिजनों ने नर्सिंग अधिकारी के साथ मारपीट कर दी।

### राफ़ेल मरीन जेट डील- फ्रांस ने रकम घटाई

## फाइनल प्राइस भारत को ऑफर किया, भारत 26 जेट खरीदकर हिंद महासागर में तैनात करेगा

■ संजीवनी टुडे

पुणे। भारत और फ्रांस के बीच 26 राफ़ेल मरीन जेट खरीदने की डील लगभग फाइनल हो गई है। फ्रांस ने डील को लेकर फाइनल प्राइस भारत को ऑफर कर दिया है। इस बार फ्रांस ने रकम में कटौत की है। दोनों देशों के बीच 26 राफ़ेल मरीन जेट की खरीद को लेकर कई महीनों से बातचीत चल रही थी। हालांकि फाइनल डील कितने में होगी, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। भारत नौसेना के लिए राफ़ेल-एम की डील के लिए बेस प्राइज वहीं रखना चाहता है, जो 2016 में वायु सेना के लिए 36 विमान खरीदते समय रखा था। इस सौदे की कीमत 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होने की उम्मीद है। पहले दौर की चर्चा जून 2024 में हुई थी 26 राफ़ेल-एम फाइटर जेट खरीदने की डील पर पहले दौर की चर्चा पिछले महीने शुरू हुई थी। तबफ्रांस सरकार और दसॉ कंपनी के अधिकारियों ने रक्षा मंत्रालय की कॉन्ट्रेक्ट नेगोशिएशन कमेटी से चर्चा की थी। 50 हजार करोड़ की यह डील फाइनल होने पर फ्रांस राफ़ेल-एम जेट के साथ हथियार, सिमुलेटर, क्रू के लिए ट्रेनिंग और लॉजिस्टक सपोर्ट भी मुहैया कराएगा।

### रक्षा मंत्रालय ने लेटर ऑफ रिक्वेस्ट जारी

इस डील की जानकारी सबसे पहले पीएम मोदी की पिछले साल की फ्रांस यात्रा के दौरान सामने आई थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने लेटर ऑफ रिक्वेस्ट जारी किया था, जिसे फ्रांस ने दिसंबर 2023 में स्वीकार किया। इस डील में और क्या-क्या रहेगा शामिल फ्रांसीसी ऑफर में फाइटर जेट पर भारतीय हथियारों को असेंबल करने के लिए पैकेज शामिल हैं। इन हथियारों में अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल, एयरक्राफ्ट कैरियर से ऑपरेट करने के लिए जेट में इंडियन स्पेसिफिक इन्हैंस्ड लैंडिंग इक्विपमेंट्स और जरूरी इक्विपमेंट्स शामिल किए हैं। फ्रांस ने ट्रायल्स के दौरान इंडियन एयरक्राफ्ट कैरियर्स से राफ़ेल जेट की लैंडिंग और टेक-ऑफ स्किल का प्रदर्शन किया है, लेकिन रियल टाइम ऑपरेशन के लिए कुछ और इक्विपमेंट्स का इस्तेमाल करना होगा। यह भी भारत की डील का हिस्सा होगा। हिंद महासागर में होगी राफ़ेल मरीन जेट की तैनाती नेवी के लिए खरीदे जा रहे 22 सिंगल सीट राफ़ेल-एम जेट और 4 डबल ट्रेनर सीट राफ़ेल-एम जेट हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे। भारतीय नौसेना इन विमानों को आंध्र प्रदेश के विशाखापटट्नम में ऋाट्ट डेगा में अपने होम बेस के रूप में तैनात करेगी। नौसेना के दोहरे इंजन वाले जेट आमतौर पर दुनिया भर की वायु सेनाओं द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे समान विमानों की तुलना में अधिक महंगे होते हैं, क्योंकि समुद्र में इनके ऑपरेशन के लिए अतिरिक्त क्षमताओं की जरूरत होती है।



## खबरें फटाफट

### विषाक्त पदार्थ के सेवन से युवक की बिगड़ी तबियत



■ संजीवनी टुडे

चाकसू। शिवदासपुरा इलाके के वाटिका रोड स्थित सहभागिता अपार्टमेंट में एक युवक ने घर में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया गया है और वही विषाक्त पदार्थ के सेवन से युवक की तबियत बिगड़ गई? और सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और वही कांस्टेबल शिवनारायण मीणा ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बताया गया है कि सुनील शर्मा (42) ने गृह कलेश के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। वहीं विषाक्त पदार्थ के सेवन से उसकी तबियत बिगड़ गई थी और युवक को महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया गया था और फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कृभको के सीए ऋषि अग्रवाल को मिला इंडियाज हीरोज अवार्ड 2024




■ संजीवनी टुडे

जयपुर। शहर के पांच सितारा होटल में इंडियाज हीरोज अवार्ड 2024 का आयोजन हुआ जिसमें देश की विभिन्न विभूतियों को इंडिया हीरोज पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीए ऋषि अग्रवाल जिन्होने वाणिज्य के क्षेत्र में अनेकों डिग्री व डिप्लोमा हासिल किए है, को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मशहूर अभिनेत्री सुधा चंद्रन के द्वारा सम्मानित किया गया। बता दे की रींगस के रहने वाले ऋषि अग्रवाल को पूर्व में भी कई राष्ट्रीय एवम अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। ऋषि अग्रवाल आयकर विशेषज्ञ के रूप में कई प्रमुख न्यूज़ चैनल, रेडियो स्टेशन एवं राज्य की बजट बैठक नीति में भी शामिल हो चुके हैं। वर्तमान में सीए ऋषि अग्रवाल कृभको, सहकार भवन में स्टेट अकाउंट्स हेड के पद पर कार्यरत हैं।

### भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़ (अलवर)। भारत विकास परिषद की ओर से रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कस्बे के खण्डेलवाल धर्मशाला में किया गया। भारत विकास परिषद की सचिव रश्मि विजय ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। रक्तदान शिविर में 70 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर में लगभग 20 से अधिक युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। संयोजक जिनेन्द्र जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर सेठ माखनलाल महावर अलवर की टीम का सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि पहली बार रक्तदान करने आये श्याम प्रेमी मोहित सोनी ने कहा कि पहली बार रक्तदान करके अच्छा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की। इस मौके पर भारत विकास परिषद के डॉ के एम गुप्ता, रामरतन तांबी, राजेश शर्मा, पारस सर्राफ, अशोक विजय, अभिषेक शर्मा, दिनेश सेन, विरेन्द्र दाधीच, वार्ड पार्षद प्रीती शर्मा, लोकेश रावत, दीपक विजय, अमित, राजेन्द्र सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### लाखना में किया पौधारोपण



■ संजीवनी टुडे

रेनवाल मांजी। डिग्गी मालपुरा मेगा हाईवे स्थित ग्राम पंचायत लाखना में रविवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के सहयोग से क्षेत्रीय वन अधिकारी उमेश गुप्ता के नेतृव में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज सेवी दिनेश रातल्या व जितेन्द्र शर्मा ने सरपंच बताया कि रविवार को लाखना ग्राम पंचायत की सरपंच मनभर देवी बैरवा के सानिधय में पंचायत भवन, रा.उ.मा.विधालय श्रीरामपुरा मोक्षधाम, औषधालय परिसर आदि में 600 छायादार व फलदार पौधै लगाए गए। स्थानीय ग्रामीणों ने पौधो के रखरखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए आयुक्त जयपुर प्राधिकरण का आभार जताया। इस अवसर पर कैलाश शर्मा, रामदयाल बैरवा, गिर्राज शर्मा, लालचंद शर्मा, नवरतन मीणा, मदनमोहन शर्मा आदि मौजूद थे।

# डॉ. अंबेडकर अधिवक्ता संस्था राजस्थान के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2024-26 का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## हितेश राही अध्यक्ष व राजेश वर्मा ने महासचिव के रूप मे ली शपथ

■ संजीवनी टुडे




जयपुर। डॉ. अंबेडकर अधिवक्ता संस्था राजस्थान के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2024-26 का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को स्थान इंदिरा गांधी पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जोगाराम पटेल विधि मंत्री राजस्थान सरकार और विशिष्ट अतिथि रामप्रसाद सिंघारिया पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल आफ राजस्थान एवं समस्त अनुसूचित जाति समाज के अधिवक्ता साथियों के समक्ष शपथ ग्रहण के उपलक्ष्य में काफी अधिक संख्या में अधिवक्ताओं साथियों ने कंधे से कंधा मिलाकर शपथग्रहण समारोह को शांतिपूर्वक तरीके से सफल बनाया। जिसमें संस्था के अध्यक्ष हितेश राही, महासचिव राजेश वर्मा के शपथ लेने के बाद समस्त कार्यकारिणी ने शपथ ली और डॉ. अंबेडकर अधिवक्ता संस्था राजस्थान के अध्यक्ष ने बताया कि हमारी संस्था पिछले 8 वर्षों से राजस्थान में अनुसूचित जाति समाज बंधुओ और महिलाओं पर हो रहे समाज पर अत्याचार और अन्याय के खिलाफ निःशुल्क न्याय दिलाने पर समस्त नव कार्यकारिणी पदाधिकारीयों ने न केवल जयपुर संभाग से ही न्याय नही बल्कि राजस्थान के प्रत्येक सभी जिलों में अनुसूचित जाति अधिवक्ता साथीयों की टीम गठित कर समाज का साथ देने का फैसला लिया। इस मौके पर अधिवक्ता समाज बन्धुओं का प्रतिनिधित्व करते हुए एकता का परिचय देने पर जोर दिया और इसी कड़ी में जयपुर शहर अध्यक्ष के रूप में हमारे संस्था के मनोज नायक और जयपुर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार बुनकर व अन्य जिलों अध्यक्षों आदि नियुक्त किये जिससे कि संस्था का विस्तार तीव्रगति हो सके। उक्त समारोह में संस्था के अधिवक्तागण सदस्य जिसमें संस्था हितेश राही अध्यक्ष, राजेश वर्मा महासचिव, गिरीश वर्मा कोषाध्यक्ष, रितु सांवरिया संयुक्त सचिव, प्रीति कुमारी सांस्कृतिक सचिव, एवं मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व महासचिव, पुस्तकालय सचिव दी बार एसोसिएशन, अध्यक्ष आमेर बार एसोसिएशन एवं समस्त संस्था के सदस्य साथियों ने मिलकर एकता का परिचय दिया।

## एसटी एससी समाज वर्ग ने सामूहिक संगोष्ठि का किया आयोजन




■ संजीवनी टुडे

चाकसू। चाकसू कस्बे के जीआर पैराडाइज में एसटी, एससी समाज वर्ग के लोगों की सामूहिक संगोष्ठी आयोजित की गईं। संगोष्ठी में सामाजिक एकता व उत्थान के बारे में चर्चा की गई? और कार्यक्रम की शुरुआत डा.भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम नेनिवाल की अध्यक्षता में आरक्षण को लेकर समाज के हितों और अधिकारो की रक्षा के लिए चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि एस - एसटी समाज वर्ग के लोगों का आरक्षण अधिकार है। उसके साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नही की जाएगी। साथ ही सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए उनके साथ सामाजिक भेदभाव, अत्याचार बंद होने चाहिए। वही गोष्ठी में आने वाले समय मे बड़े स्तर पर महा अधिवेशन का आयोजन करने व कार्यकारिणी बनाने का निर्णय लिया। वही एसटी एससी समाज के लोगों से परिसर खचाखच भरा था। अंत में सामूहिक गोठ का आयोजन भी किया गया है।

## आज के समय में समाज की उन्नति के लिए महिला सशक्तिकरण अति आवश्यक है: चतुर्वेदी

■ संजीवनी टुडे



राजगढ़ (अलवर)। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को राजनीतिक विज्ञान विभाग की परिषद के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण एवं राजमाता अहिल्याबाई विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. पी एम मीना ने बताया कि कार्यशाला की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर के.एल. मीना ने की। वहीं कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर की प्रो. इनाक्षी चतुर्वेदी रही। डॉ अनिल कुमार शर्मा ने मुख्य वक्ता का औपचारिक परिचय सदन से करवाया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण को विस्तार से समझाया एवं अहिल्याबाई के व्यक्तित्व के साथ विकास का परिपेक्ष्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिला श्रेष्ठ हैं एवं उसका जितना सम्मान होगा राष्ट्र का विकास भी उतना ही अधिक होगा। समाज की उन्नति में महिला सशक्तिकरण अति आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. के एल मीना ने महाविद्यालय में बालिकाओं की उन्नति के लिए समाज को जागरूक होने के लिए आवाहन किया। उन्होंने शिक्षक साथियों से इस दिशा में प्रयासरत रहने की अपील की एवं महाविद्यालय में छात्राओं के विकास में पूर्णतया सहयोग करने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि सशक्तिकरण वास्तविक अर्थों में तब ही सार्थक होगा जब स्त्री और पुरुष दोनों का समान रूप से भौतिक विकास होगा। कार्यक्रम में धन्यवाद विभाग अध्यक्ष प्रो. पी एम मीना ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आंचल मीना ने किया। इस मौके पर डॉ जगत सिंह मीना, डॉ मीनाक्षी मीना, डॉ देशराज वर्मा, डॉ भगत सिंह, डॉ रजनी मीना, संजय बमनावत, डॉ सुमेर सिंह बेरवा, ओमप्रकाश मीना, सुबोध शर्मा, जितेंद्र यादव, कपिल देव कुण्डारा सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मैढ़ क्षेत्रीय स्वर्णकार समाज सेवा समिति ने बंगाली कारीगरों के खिलाफ तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



■ संजीवनी टुडे

बिजयनगर। श्री मैढ़ क्षेत्रीय स्वर्णकार समाज सेवा समिति द्वारा जिला कलेक्टर ब्यावर व जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर व क्षेत्रीय विधायक वीरेन्द्र कानावत, पुलिस थाने व बिजयनगर तहसीलदार को ज्ञापन देकर सभी ने आक्रोश जताया और बताया कि क्षत्रिय साप्ताहिक अखबार में एक विज्ञापन आया जिसमें शहर में कार्यरत अप्रवासी बंगाली कारीगरो द्वारा स्वर्णकार समाज के नाम का उपयोग करते हुए श्रीश्री माँ दुर्गा पूजा महाउत्सव पर प्रकाशन कराया जिसमें बंगाली कारीगरो ने अपने मण्डल को बंगाली स्वर्णकार नवयुवक मण्डल बिजयनगर लिख प्रकाशित कराया जिससे क्षेत्रिय स्वर्णकार समाज में भारी रोष उत्पन्न हो गया। जिससे स्वर्णकार समाज के समस्त प्रदेश के स्वर्णकारों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में कानूनी कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन प्रेषित किया हैं। शहर में कार्यरत समस्त बंगाली कारीगरों का पुलिस सत्यापन करने की मांग की गई है। और बंगाली कारीगरों के द्वारा स्वर्णकार शब्द का उपयोग नहीं करने हेतु पाबंद करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों बिजयनगर समाज अध्यक्ष जयप्रकाश सोनी, गुलाबपुरा समाज अध्यक्ष राजकुमार सोनी, राधेश्याम सोनी, सुभाष वर्मा, नवीन कुमार सोनी, नंदू सोनी, हेमराज सोनी, जयप्रकाश सोनी, मनोज सोनी, नीरज सोनी, अभिषेक सोनी, राजेंद्र सोनी, भीम करण सोनी, राहुल सोनी, हेमंत सोनी, कैलाश सोनी, रिंकु सोनी, रामेश्वर लाल सोनी, देवीलाल सोनी, वेद प्रकाश सोनी, महेश सोनी, गणेश सोनी, जगदीश सोनी, कन्हैया लाल सोनी सहित समाज बंधु उपस्थित थे।

## मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे श्याम आएंगे

## श्री श्याम सेवा समिति की ओर से पंचम वार्षिकोत्सव एवं श्री श्याम जागरण का हुआ आयोजन



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़। कस्बे के नवीन बस स्टैंड पर शनिवार को श्री श्याम सेवा समिति राजगढ़ की ओर से पंचम वार्षिकोत्सव एवं श्री श्याम जागरण का आयोजन किया गया। श्री श्याम जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। संकीर्तन में फतियाबाद से नरेश नरसी ने मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे, सांवरिया बैठा है सहित एक से एक भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं चण्डीगढ़ के भजन प्रवाहक मंयक अग्रवाल ने सांवरे की महफ़िल को श्याम सजाता है, जब जब भी इसे पुकारा बाबा ने दिया सहारा, नीले चढ़कर आ जा, तु किरपा कर बाबा कीर्तन करूंगा, खाटू वाले श्याम तेरा सच्चा दरबार आदि भजन सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। वृंदावन से दीदी माधवी शर्मा ने राधा रानी के भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में भावविभोर कर दिया। वहीं इंदौर से विशि सौरभ शर्मा ने एक से बढ़कर एक सुंदर भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। भजनों पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने झूमकर अपनी हाजिरी लगवाई। सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु देर रात्रि तक उपस्थित रहे। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, कोतवाल रामजीलाल मीणा, राजेश शर्मा ठेकेदार, लोकेश रावत, डॉ रोहित गोयल, श्री श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष जगदीश सैनी, गोपाल विजय, सुरेश चौहान, ?तुराज मिश्रा, दीनदयाल बंसल सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। श्री श्याम सेवा समिति की ओर से आयोजित संकीर्तन में बाबा श्याम जी का अलौकिक दरबार सजाया गया। बाबा श्याम को आकर्षक फुलों की मालाओं से श्रृंगार किया गया। इस मौके पर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। श्री श्याम संकीर्तन में फुलों की वर्षा तथा लक्की ड्रा निकाले गए जो आकर्षक का केंद्र रहे। फुलों की वर्षा से माहौल भक्तिमय बन गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजनों पर झूमकर अपनी हाजिरी लगाई। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्याम भक्त देर रात्रि तक भजनों का आनंद लेते रहे।

## पदोन्नति का अब भी इंतजार ! कर्मचारियों ने फिर सौंपा ज्ञापन, मुख्य कार्मिक अधिकारी ने जारी किए आदेश



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। बिजली विभाग में लंबे समय से पदोन्नति की आस लगाए बैठे कर्मचारियों की मांग पूरी होने की आस जगी है, काबिल होते हुए भी इंतजार की घड़ियां बढ़ती ही चली जा रही हैं, यही कारण है कि एक बार फिर कर्मचारियों ने मोर्चा संभाला, इसी कड़ी में राजस्थान बिजली वर्कर्स फैडरेशन (एटक) के बैनर तले जिलाध्यक्ष संजय मीणा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने सहायक द्वितीय के पदोन्नति हेतु अधीक्षण अभियंता जयपुर डिस्कॉम - जयपुर नगर वृत्त(उत्तर,दक्षिण) और जयपुर जिला वृत्त(उत्तर,दक्षिण) को ज्ञापन सौंपा है। मामले में प्रदेश सचिव मुकेश मीना ने बताया की एटक यूनियन की अपील पर मुख्य कार्मिक अधिकारी जयपुर- डिस्कॉम, ब्क्त भाटिया ने कर्मचारियों के प्रति सहानुभूति जताते हुए तुरंत पदोन्नति और 1 वर्ष की सेवा अवधी की छूट का आदेश प्रसारित किया है। जिसमें अधीक्षण अभियंताओं से मिलकर निवेदन किया कि अतिशीघ्र जयपुर नगर वृत (उत्तर,दक्षिण) एवं जयपुर जिला वृत (उत्तर-दक्षिण) में कार्यरत सभी कार्मिकों के पदोन्नति संबंधी आदेश अविलंब किए जाएं। वहीं मामले में अधीक्षण अभियंता लोकेश जैन ने संज्ञान लेते हुए कार्मिक अधिकारी जयपुर डिस्कॉम जयपुर नगर वृत्त (उत्तर) और जयपुर जिला वृत्त (दक्षिण) के अधिक्षण अभियंता एन पी सिंह ने कार्मिक अधिकारी को अतिशीघ्र कर्मचारियों की पदोन्नति आदेश जारी कर लाभान्वित करने हेतु आदेशित किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश सचिव कॉमरेड पवन डूडी, जिला कोषाध्यक्ष के आर जस्टाना, हंसराज गंगवाल, प्रशांत वर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता जिन्दगी हारी, पति ने योगेश समेत 4 जनों के खिलाफ मामला कराया दर्ज

■ संजीवनी टुडे

चाकसू। इलाके में विवाहिता के साथ नशीला पदार्थ पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है पीड़िता द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई बाद में जयपुर जाते समय पीड़िता की रास्ते में मौत हो गई। पीड़िता के पति ने अपने परिचित युवक समेत 4 जनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मामला 21 सितंबर का बताया जा रहा है। थानाप्रभारी राजूराम बामनिया ने बताया कि सवाईमाधोपुर इलाका निवासी पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 सितंबर को उसकी पत्नी पीहर से सवाईमाधोपुर के लिए रवाना हुई थी। चाकसू के कोटखावदा के पास परिचित योगेश उर्फ युवराज मिला। उसने पीड़िता को नशीला पदार्थ पिला दिया और एकांत में ले जाकर अन्य साथियों के साथ मिलकर दुष्कर्म का प्रयास किया पीड़िता द्वारा उन्होंने उसके साथ मारपीट की जिससे उसे गम्भीर चोट आई और वह बेहोश हो गई आरोपियों ने बेहोशी की हालत में पीड़िता से दुष्कर्म किया बाद में आरोपी योगेश ने पीड़िता को दौसा अस्पताल में भर्ती करा दिया। इसकी जानकारी लगने पर पीड़ित मौके पर पहुंचा और पीड़िता को डिस्चार्ज कराकर सवाई माधोपुर ले जाकर अस्पताल में भर्ती करा दिया। 23 सितंबर को उसे छुट्टी मिल गई। लेकिन 25 सितम्बर को पीड़िता की तबियत खराब होने पर उसे दुबारा अस्पताल भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया वे पीड़िता को लेकर जयपुर आ रहे थे रास्ते में पीड़िता ने दम तोड़ दिया? था और इस पर पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सवाई माधोपुर में जीरो नंबर की एफआईआर दर्ज कराई, जिस पर सवाई माधोपुर से मामला चाकसू थाने में ट्रांसफर हुआ। चाकसू पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया फिलहाल एडीसीपी पूनम चंद मामले की जांच का रहे है।

## भारतीय किसान यूनियन प्रदेश प्रभारी मदन मोहन राजौर ने सैनिक कल्याण मंत्री विजय सिंह को वीर बलिदानी सैनिकों की मांगो से अवगत कराया

■ संजीवनी टुडे

टोडाभीम। भारतीय किसान यूनियन प्रदेश प्रभारी मदन मोहन राजौर ने सैनिक कल्याण विभाग मंत्री विजय सिंह चौधरी से शासन सचिवालय जयपुर में मुलाकात कर राजस्थान में अर्ध सैनिकों के वीर बलिदानी सैनिकों के आश्रितों में से एक आश्रित को ब्लड रिलेशन के आधार पर राजकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति की मांग से अवगत करवाया था। प्रदेश प्रभारी मदन मोहन राजौर ने बताया की भारत माता की रक्षा खातिर सीने पर गोली खाकर बलिदान हुए वीर अर्धसैनिको के परिवारों के आश्रित अपने हक की लड़ाई वर्षो से लड़ रहे है उन्हे अपना हक नही मिल रहा है सशस्त्र बल के कार्मिक (थल सेना,वायुसेना, नौसेना) जिसकी सेवाओं में रहते हुए 1947 से 1972 तक की कालावधी के दौरान युद्ध या विद्रोह की जवाबी कार्यवाही और जवाबी आंतकवादी संक्रियाए सहित किसी रक्षा संक्रिया में मृत्यु हो गई है और जिसे सशस्त्र बलों के मुख्यालयों के प्राधिकृत कार्यालय द्वारा युद्ध हताहत घोषित किए हुए है। ऐसे सशस्त्र बल कार्मिकों के आश्रितों में से एक आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है जबकि अर्ध-सैन्यनीकरण बल में अभी तक अनुकंपा नियुक्ति पर सरकार द्वारा विचार नही किया गया है। राज्य सरकार वीर बलिदानी सैनिकों को केंद्र सरकार की तर्ज पर विशेष पैकेज की घोषणा करनी चाइए। मंत्री महोदय द्वारा उक्त मांग को संज्ञान में लेकर उप शासन सचिव सैनिक कल्याण विभाग को निर्देश प्रदान किए है।

# एयू जयपुर साइक्लोथॉन में उमड़ा जयपुर: यूज़ हार्ट फॉर एक्शन' थीम के साथ हार्ट हेल्थ और स्वच्छता का दिया संदेश

■ संजीवनी टुडे




जयपुर। गुलाबी नगरी जयपुर में रविवार को 'वर्ल्ड हार्ट डे' के अवसर पर 'एयू जयपुर साइक्लोथॉन' का भव्य आयोजन हुआ, जहां शहरवासियों ने हार्ट हेल्थ और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस आयोजन का उद्देश्य साइक्लिंग के माध्यम से हार्ट हेल्थ के महत्व को रेखांकित करना और स्वच्छता अभियान को समर्थन देना था। एयू जयपुर साइक्लोथॉन जयपुर रनर्स क्लब, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 और संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित किया गया। इसमें एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इटरनल हॉस्पिटल व जयपुर नगर निगम का सहयोग भी शामिल रहा। इस साइक्लोथॉन में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट (आईआईइएमआर) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में संस्कृति युवा संस्थान के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के चीफ रिस्क ऑफिसर दीपक जैन, एनएवी बैक ऑफिस के एमडी अनिल अग्रवाल, एआरएल इंफ्राटेक लिमिटेड के एमडी प्रमोद जैन पहाड़िया, सिटी वाइब्स के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की गवर्नर राखी गुप्ता, जेपीआईएस ग्रुप की निदेशक जयश्री पेरिवाल, इएचसीसी हॉस्पिटल के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. संजीव शर्मा व श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के आयुक्त एवं राज्य नोडल अधिकारी नवीन भारद्वाज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इसके साथ ही जयपुर रनर्स क्लब के फाउंडर रवि गोयनका, एयू जयपुर साइक्लोथॉन के आयोजक मुकेश मिश्रा, साइक्लोथॉन के को-चेयरमैन कमलेश शर्मा, जयपुर रनर्स क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया और एयू जयपुर साइक्लोथॉन के कार्यक्रम संयोजक दीपक शर्मा बागड़ा सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा, ''साइक्लिंग हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह न केवल दिल को स्वस्थ रखती है, बल्कि हमें एक सक्रिय और फिट जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी देती है। आज के समय में हमें अपने दिल की सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए और नियमित व्यायाम को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। इएचसीसी हॉस्पिटल के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि, ''हेल्दी हार्ट के लिए तीन महत्वपूर्ण पैरामीटर हैं: हेल्दी डाइट, फिजिकल हेल्थ, और स्ट्रेस मैनेजमेंट।'' उन्होंने फिटनेस के प्रति जागरूकता और सही लाइफस्टाइल को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. शर्मा ने यह भी कहा, ''वर्ल्ड हार्ट डे का आयोजन लोगों को हेल्थी लाइफस्टाइल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया जाता है। इस बार, 'यूज़ हार्ट फॉर एक्शन' थीम के तहत एयू जयपुर साइक्लोथॉन ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है कि सुबह की गतिविधियों में भाग लेकर हम सभी हेल्दी हार्ट के प्रति कदम बढ़ा सकते हैं। एयू जयपुर साइक्लोथॉन के आयोजक मुकेश मिश्रा और जयपुर रनर्स क्लब के को-फाउंडर रवि गोयनका ने बताया कि इस साइक्लोथॉन में हर आयु और फिटनेस स्तर के प्रतिभागियों के लिए विभिन्न राइड कैटेगरी रखी गई थीं। इसमें 2 किमी की जूनियर राइड, 5 किमी की जॉय राइड, 10 किमी की फन राइड, 25 किमी की फिट राइड, 50 किमी की टाइगर जगजीत सिंह मेमोरियल राइड, और 100 किमी की डी जयपुर राइड शामिल थीं। सभी राइड्स का शुभारंभ गांधी सर्किल से हुआ और वे अपेक्स सर्किल, डी-मार्ट, अक्षय पात्र जंक्शन, और बॉम्बे हॉस्पिटल होते हुए पुनः गांधी सर्किल पर समाप्त हुई। राइड के दौरान, प्रतिभागियों ने अपनी ऊर्ज़ा और साइकिलिंग कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने न केवल फिटनेस को बढ़ावा दिया, बल्कि शहरवासियों को एकजुट करने का भी कार्य किया। हर उम्र के साइकिल प्रेमियों ने इन राइड्स के जरिए अपनी प्रतिभा का जश्न मनाया और फिटनेस के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन किया। राइड्स के दौरान सभी उम्र के प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। खासकर, कुछ प्रतिभागियों ने तो मात्र दो घंटे से भी कम समय में 100 किमी की राइड पूरी कर अपनी बेहतरीन फिटनेस और दृढ़ संकल्प को साबित किया। इस अनुभव को साझा करते हुए दीपक शर्मा ने कहा, ''100 किमी की डी जयपुर राइड न केवल एक रोमांचक अनुभव है, बल्कि यह जयपुर के लोगों को एकजुट भी करती है। यह सिर्फ शारीरिक क्षमता की परीक्षा नहीं, बल्कि सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने वाला एक विशेष क्षण भी है। वहीं, 25 किमी की फिट राइड पूरी करने वाले नवीन प्रकाश गुप्ता ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, ''मैंने मात्र एक घंटे में अपनी राइड पूरी की, जिसने न केवल मेरी फिटनेस को बढ़ावा दिया, बल्कि मुझे प्रेरित किया कि हम सभी को सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना चाहिए। इस तरह की गतिविधियां हमें खुद पर ध्यान देने और अपनी सेहत को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करती हैं।

## खबरें फटाफट

### खाटू श्याम का सजा दरबार, देर रात तक चली भजन संध्या




■ संजीवनी टुडे

मावली। मावली नगरपालिका क्षेत्र के देवपुरा वाटिका मे श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के तहत एक शाम खाटू श्याम के नाम से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमे मातेश्वरी म्यूजिकल ग्रुप की ओर से सिंगर अंजली, चिराग,रमेश जाट, भरत जोशी, महेश पालीवाल ने अपनी प्रस्तुति दी। शाम 8 बजे से खाटू श्याम के जयकारे से शुरू हुई भजन संध्या देर रात तक चली। बाबा खाटू श्याम के भजनों पर पुरुष और महिलाएं जम कर नाचे और हारे के सहारे खाटू श्याम के जयकारे लगाते दिखे। भजन संध्या मे प्रिंस साउंड नाथद्वारा और कार्यक्रम का लाइव प्रसारण गुरु स्टूडियो मावली ने किया।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यालयों में मनाया स्वच्छता दिवस

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। जिला कलक्टर के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत राजकीय कार्यालयों में भी स्वच्छता दिवस मनाया गया। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिस प्रकार हम दीपावली पर हमारे घरों की साफ सफाई करते हैं ठीक उसी प्रकार कार्यालयों में भी साफ सफाई उतनी ही जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए समस्त कार्यालयों में स्वच्छता दिवस मनाया गया है। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देशन में स्वच्छता सेवा अभियान के तहत समस्त कार्यालयों में भी स्वच्छता हेतु सघन अभियान चलाते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई की गई। इस अभियान के तहत जिला कलेक्ट्रेट, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के कार्यालयों, तहसीलों, उप तहसील, पंचायत समिति भवनों, राजीविका, महिला और बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी केंद्रों, सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय, सांख्यिकी विभाग, पीएचईडी, सोम कमला आंबा प्रोजेक्ट कार्यालय, नगर परिषद, कृषि विभाग, हॉर्टिकल्चर विभाग सहित अन्य राजकीय कार्यालयों में भी जिला कलक्टर के निर्देशानुसार स्वच्छता दिवस मनाया गया।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ाई

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरड़ा (डूंगरपुर) में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2025 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ाई गई हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरड़ा के प्राचार्य अब्दुल अजीज ने बताया कि कक्षा 6 में प्रवेश के लिए अब 7 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन नवोदय वेबसाइट पर निःशुल्क किए जा सकते है। कक्षा 6 में दाखिले के लिए आवेदक किसी सरकारी, सरकारी मान्यता प्राप्त व व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय में वर्तमान सत्र 2024-25 में कक्षा 5 के डूंगरपुर जिले में अध्ययनरत होना चाहिए तथा डूंगरपुर जिले का निवासी हो। विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रमाण-पत्र जो की आवेदक एवं अभिभावक और विद्यालय के प्रधानाचार्य के मोहर सहित हस्ताक्षर के साथ अनिवार्य है जो वेबसाइट पर अपलोड होगा।

# मावली उप जिला अस्पताल को लदानी कॉलेज के सामने शिफ्ट की तैयारी, मावलीवासियो मे आक्रोश

■ संजीवनी टुडे

मावली। मावली नगरपालिका के मावली गांव स्थित उप जिला अस्पताल कई सालो से संचालित है। जो की देव स्थान की भूमि पर बना हुआ है। अब इस उप जिला अस्पताल को मावली से 8 किलोमीटर दूर लदानी मे शिफ्ट करने की तैयारी जारी है और इसके लिए भूमि चिन्हित की जा चुकी है। तहसील प्रशासन इसका प्रस्ताव बनाकर उदयपुर कलेक्टर को भेज चुका है। वहा से प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है। अगर सरकार से इसकी मंजूरी मिलती है तो यह उप जिला अस्पताल मावली से 8 किलोमीटर दूर लदानी गांव मे शिफ्ट हो जाएगा। बीते दो दिनों से वाट्सअप ग्रुपों मे विरोध की पोस्ट शेयर हुई ,लोगो ने इसका जमकर विरोध किया, और रविवार शाम को बस स्टैंड पर मीटिंग कर इस उप जिला अस्पताल को मावली मे रखने की मांग की।

सोमवार को इसके लिए लोगो द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा। आपको बता दे की पिछली सरकार ने अपने बजट मे मावली सीएचसी को उप जिला अस्पताल मे क्रमोन्नत किया था। वर्तमान मे सीएचसी मावली गांव



के बाई राजजी की बावड़ी के पास भवन स्थित है। जो को देव स्थान विभाग की जमीन है।लेकिन इस सीएचसी का चिकित्सा विभाग के पास कोई पट्टा या रजिस्ट्री नही है। सालो पहले पीएचसी से सीएचसी मे क्रमोन्नत करने पर मावली गांव मे बाई राज जी बावड़ी के पास नया भवन निर्माण के लिए देव स्थान से लिया गया। पहले नियमो मे इतनी सख्ती नही होने के कारण कुछ रुपए लेकर देव स्थान विभाग ने सीएचसी भवन के लिए जमीन दे दी। लेकिन चिकित्सा विभाग के पास इसका पट्टा या रजिस्ट्री नही है। यह जमीन अभी भी देव स्थान विभाग के नाम दर्ज है।

नए नियमो के अनुसार अब सरकार उन्ही विद्यालय और अन्य सरकारी भवनों की नई बिल्डिंग निर्माण को तभी बजट देगी, जब उसके पास सम्बंधित विभाग का पट्टा या रजिस्ट्री हो। मावली के लोगो का कहना है कि जब मावली मे ही जमीन उपलब्ध है देव स्थान विभाग से इस अस्पताल के पट्टे लिए कहा जाए तो देव स्थान विभाग जमीन और उसके स्वामित्व पट्टा दे सकता है और अगर देव स्थान विभाग मना करदे तो अन्य विकल्प मे तहसील प्रशासन चाहे तो उदयपुर रोड पर चरागाह भूमि से कब्जो को हटाकर उप जिला अस्पताल के लिए जमीन दे सकता है। और भी मावली मे वैकल्पिक जमीन मावली मे उपलब्ध है। ऐसे मे उप जिला अस्पताल को 8 किलोमीटर दूर ले जाने से कोई फायदा नही। वर्तमान उप जिला अस्पताल मे उपखण्ड क्षेत्र के कई गावों से लोग उपचार करवाने आते हैं। वो पहले ही कई किलोमीटर दूर से आते हैं ऐसे मे और 8 किलोमीटर दूरी ओर बड़ गई। जो को जनता के साथ गलत है। साथ ही लोगो का कहना है की यह अस्पताल की जमीन का आवंटन मावली की बजाय लदानी में जमीन आवंटन के पीछे राजनीतिक लोगो का निजी स्वार्थ माना जा रहा है। साथ ही लोगो ने कहा की वर्तमान मे उप जिला अस्पताल जहां संचालित है वही पर देव स्थान से पट्टा लेकर बिल्डिंग बना दी जाए।क्योंकि यहां पहले से ही भवन और स्टाफ के रहने के क्वाटर बने हुए और अस्पताल के ऊपर या आस पास मे नई बिल्डिंग निर्माण हो सकता है। ट्रॉमा सेंटर भी नई बिल्डिंग में चल सकता है। देव स्थान विभाग इसके लिए पहले ही मना कर चुका है,लेकिन जनप्रतिनिधि और नेता चाहे तो वर्तमान जगह पर बिल्डिंग बना सकते है। क्योंकि यह अस्पताल एक बडी आबादी से सटा हुआ है जो कि मावली मुख्यालय भी है ऐसे मे मावली से लदानी शिफ्ट करना जनता के साथ गलत है। अगर यह अस्पताल लदानी जाता है तो मावलीवासियों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# स्कॉर्पियो गाड़ी मे आग लगाकर जानलेवा हमला करने के प्रकरण में वांछित 4 आरोपी गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। कपासन थाना पुलिस ने बजरी रायल्टी कर्मीयों की स्कार्पियो गाड़ी में जान से मारने की नियत से आग लगाने के प्रकरण में वांछित चार आरोपीयों को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पर्वतसिंह व वृताधिकारी कपासन अनिल सारण के सुपरविजन में थाना कपासन के प्रकरण में वाछिंत अभियुक्तों की तलाश हेतु थानाधिकारी रतनसिंह पुनि. मय जाप्ते की टीम का गठन कर तलाश शुरु की गई। दिनाकं 30 अगस्त 2024 को प्रार्थी उदयसिंह ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि मैं रेती की रॉयल्टी में डेट गंगरार ऑफिस मेरे साथी चार कर्मचारीयों के साथ में सभी रॉयल्टी चैक करने के लिये निकल कर सिंहपुर चौराहे से रवाना हुए सुचना मिली की बिना रॉयल्टी के दो डम्पर छापरी, जितिया की तरफ गये जिस पर रवाना होकर डम्फर का पीछा करने पर एक स्कार्पिंयो गाडी व अन्य वाहन अल्टो, बेलेनो मे अजयराज सिंह व उसके साथीयों ने हमारी गाडी का पीछा कर जान से मारने की नियत से स्कार्पिंयो गाडी ने तेज



गति से हमारे को जान से मारने की नियत से टक्कर मारी और गाडी के अंन्दर से अजयराजसिंह और अन्य चार पांच लोग उतरे उनके पास हाथो में पत्थर एवं पैट्रोल से भरी पॉलीथीन थैली व लाठी डण्डे थे दोडकर उन्होने हमारी स्कार्पिंयो गाडी पर लाठी डंडो व पत्थरो से वाहन के कांच फोड दिये और पॉलीथीन थैलीयो में भरा पैट्रोल से हमारी स्कार्पिंयो वाहन में हमे जान से मारने की नियत से आग लगा दी। जिसपर प्रार्थी एव उसके साथी वाहन से उतर कर भागे तो अभियुक्तों ने लाठी डण्डा लेकर मारपीट कर जान से खत्म करने की नियत से पीछा किया जो हम गांव मे होते हुये खेतो मे भाग कर जान बचाई। स्कॉर्पिंयो में बैठे लोगो में अजयराजसिंह झाला निवासी मिनाणा, प्रहलाद गुर्जर निवासी सेंती, मोहन गुर्जर, कमल गुर्जर, विक्की गुर्जर, अभिषेक शर्मा, राहुल जायसवाल को जानता हूं बाकी अन्य व्यक्तियो को मैं नही जानता हूं। उक्त रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को 27 सितंबर को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार आरोपीः अभिषेक उर्फ विक्की पिता देवकिषन गुर्जर उम्र 25 साल पेषा प्राईवेट नौकरी निवासी देवनारायण मन्दिर के पास सेती चित्तौडगढ, 2. अभिषेक पिता सम्पत लाल शर्मा उम्र 20 साल पेषा कन्ट्रेक्सन का कार्य निवासी हाई सैकण्डरी स्कुल के पिछे सेंती चित्तौडगढ प्रहलाद पिता मोहन लाल गुर्जर उम्र 22 साल पेषा खेती निवासी गुर्जर मोहल्ला वार्ड नं 7 सेंती चित्तौडगढ राहुल पिता दीपक जयसवाल जाति जायसवाल उम्र 25 साल पेषा मजदुरी निवासी सरकारी स्कुल के पास गुर्जर मोहल्ला सेंती पुलिस थाना सदर चित्तौड़गढ़। पुलिस टीमः रतन सिंह थानाधिकारी, एएसआई रतन लाल, कानि सुनिल ,किशन लाल, देवी लाल, लेहरू लाल , राजेश आदि रहे।

# जागरूकता रैली व सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ ही हिंदुस्तान स्काउट गाइड का ध्रुव पद प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

■ संजीवनी टुडे

लूनदा। ।हिंदुस्तान स्काउट गाइड के पांच दिवसीय ध्रुव पद प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिवस पर कस्बे में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को किंजल पब्लिक स्कूल निदेशक मांगीलाल सालवी, संभाग सचिव हिंदुस्तान स्काउट गाइड मदनलाल वर्मा, जिला ऑर्गेनाइजर शांता वैष्णव, संभाग आयुक्त गोपाल मेनारिया, संयुक्त जिला सचिव ईश्वरी रेगर व जिला सह सचिव उदय सिंह गुर्जर ने हरी झंडी बताकर रैली को रवाना किया।

कस्बे के विभिन्न मोहल्लो में ग्रामीणों ने फूलों से रैली का स्वागत किया एवं स्कॉउट गाइड के लीये जलपान की व्यवस्था कराई द्य लूंदा गांव में जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु स्काउट गाइड ने निनाद लगाकर संदेश दिया । ध्वजारोहण कार्यक्रम में की सहभागिता संभाग सचिव मदन लाल




वर्मा, शिविर संचालक विशाल सेन, जिला ऑर्गेनाइजर शांता वैष्णव, मोहित, किंजल पब्लिक स्कूल निदेशक मांगीलाल सालवी एवं प्रशिक्षक नरपत सिंह राव, दीपाली सोलंकी व तुलसी चंडात आदि ने सहयोग प्रदान किया। प्रातःकालीन योग सत्र में रुक्मणी लोहार, कोमल राणावत ने अभ्यास प्रशिक्षण दिया। मार्च पास्ट प्रशिक्षण अभ्यास सुनील महेश्वरी व कमल यादव ने करवा कर फ्लेग सेरेमनी का अभ्यास करवाया । द्वितीय सत्र में अनुराधा सोलंकी ने स्काउटिंग के इतिहास से अवगत कराकर और हाफ सैल्यूट के बारे में स्काउट गाइड को बताया एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शिविर संचालक विशाल सेन ने समीक्षा करते हुए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। ध्वज अवतरण के बाद सेल्यूट कर सभी को विदाई देकर ध्रुव पर शिविर समापन की घोषणा की।

**सदर चित्तौडगढ थाना पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही**

# 1 क्विंटल 700 ग्राम अवैध अफीम ड़ोड़ाचुरा सहित तस्करी में प्रयुक्त स्कौडा रैपिड कार जप्त




■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। सदर चित्तौड़गढ थाना पुलिस ने नाकाबन्दी के दौरान कार्यवाही करते हुए कार से 01 क्विंटल 700 ग्राम अवैध अफीम ड़ोड़ाचुरा जब्त कर घटना में प्रयुक्त स्कौडा रैपिड कार को जब्त किया है ।जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की धरपकड़ हेतू चलाये जा रहे अभियान के दौरान रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह जी व वृत्ताधिकारी तेजकुमार पाठक के निर्देशन में थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह थाना सदर चित्तौडगढ मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी रोकथाम के लिए निर्देश दिये गये। दिंनाक 29 सितम्बर 2024 को एसआई महेन्द्र सिंह थाना सदर चित्तौडगढ के नैतृत्व में टीम द्वारा द्वारा प्रातः कोटा निम्बाहेडा-उदयपुर हाईवे रोड़ पर नाकाबन्दी की गई नाकाबन्दी के दौरान निम्बाहेडा की तरफ से आई स्कौडा रैपिड कार के चालक को रोकने का ईशारा किया तो चालक द्वारा स्कौडा रैपिड कार को नाकाबन्दी में नहीं रोक कार का घुमाकर भागने का प्रयास किया जिस पर टीम जाप्ता में से कानि हेमव्रत सिह ने सुझबुझ व तत्परता दिखाते हुवे भागती हुई स्कौडा रैपिड कार के टायरो पर स्टॉप स्टीक लगाकर कार के टायर का ब्रस्ट किया गया, फिर भी कार चालक कार को भगाते हुवे आगे ले जाकर कार को जंगल के पास रोक अभियुक्त जंगल में भागने में सफल हुवे। पुलिस उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह व टीम द्वारा स्कौडा रैपिड कार की तलाशी ली गई तो कार में प्लास्टिक के कटटो में कुल 01 किटंल 700 ग्राम अवैध अफिम डोडाचूरा पाया गया जिसे व स्कौडा रैपिड कार को एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानो के तहत नियमानुसार जप्त किया जाकर प्रकरण दर्ज किया गया। अवैध अफीम डोडाचूरा परिवहन की खरिद फरोख्त के संबंध में अनुसधान जारी है। पुलिस टीम : गजेन्द्र सिंह थानाधिकारी , एसआई महेन्द्र सिंह , हैडकानि सुरेन्द्र सिंह कानि हेमव्रत सिह,डुंगर सिंह, बलवत सिह,विनोद कुमार, भगवत सिंह आदि रहे।

# एक लाख से अधिक पानी से भरे कंटेनरों की जांच कर लार्वा नष्ट की कार्यवाही को दिया अंजाम

**घर पर चॉक से मार्किंग कर दिया एंटीलार्वल एक्टिविटीज को अंजाम, लोगों को किया जागरूक**

■ संजीवनी टुडे

### सघन अभियान में 48 हजार से अधिक घरों का किया डोर-टू-डोर सर्वे

पाली। मौसमी बीमारियों के बचाव एवं नियंत्रण के लिए पाली शहरी क्षेत्र में चलाया जा रहा सघन अभियान शनिवार को भी जारी रहा। दो दिन तक पाली शहर में चलाए गए इस अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की 245 टीमों में 48 हजार 607 घरों का डोर-टू-डोर सर्वे कर मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए एंटीलार्वल गतिविधियां कर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। सघन अभियान के तहत शनिवार को भी चिकित्सा विभाग की टीमों द्वारा किए गए हाउस-टू-हाउस सर्वे की मॉनिटरिंग चिकित्सा अधिकारियों से कर क्रॉस वेरिफिकेश न किया गया। इतना ही नहीं अभियान में पाली शहर के लोगों का चिकित्साकर्मियों को अच्छा रेस्पोंस भी मिला और सहयोग किया। सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने बताया कि जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देशन में मौसमी बीमारियों के बचाव एवं नियंत्रण



के लिए पाली शहरी क्षेत्र में 27 व 28 सितंबर को सघन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि दो दिन इस सघन अभियान के तहत 711 सदस्यों की 245 टीमों ने पाली शहर के 48 हजार 607 घरों का सर्वे कर वहां के लोगों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। इन टीमों ने करीब 1 लाख 10 हजार से अधिक कंटेनर, जिसमें गमले, परिंडे, कूलर आदि की जांच की गई तथा इनमें से कई पात्रों में मिले लार्वा के पानी को खाली करवाया गए। इसी तरह दो दिन में 54 हजार 115 स्थानों में टेमीफोस डाला गया, 3 हजार 586 स्थानों पर एमएलओ डाला गया तथा करीब 12 हजार 274 स्थानों पर पानी से भरे पात्रों को खाली करने की कार्यवाही की गई। साथ ही इन टीमों न शहर में खाली प्लॉटों में जमा बरसाती पानी से मच्छर नहीं पनपे इसके लिए कई स्थानों पर ऑयल बॉल्स डालकर लार्वा को नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इन टीमों ने पेंपलेट बांटकर लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जानकारी देकर जागरूक किया गया।

सीएमएचओ डॉ.मारवाल ने बताया कि पाली शहर में दो दिन तक चले सर्वे के दौरान चिकित्सा विभाग की ओर से बुखार के रोगियों को चिन्हित कर उपचार दिया गया। इस सर्वे में बुखार के ग्रसित लोगों की रक्त पटिट्काएं भी ली गई, उल्टी दस्त के मरीजों को ओआरए पाउडर व जिंक की गोली भी दी गई। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रभावी मोनिटरिंग के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी एडीशनल सीएमएचओ डॉ. विरेन्द्र चौधरी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ.विजेन्द्रपालसिंह चूंडावत, आरसीएचओ डॉ.अरविन्द चौधरी, डीटीओ डॉ.उजमा जबीन एवं डॉ.सतीष पूनिया ने भी सर्वे का तथा ओडीके मरुधर एप के माध्यम से निरीक्षण कर मॉनिटरिंग का क्रॉस वेरिफिकेशन किया तथा सर्वे टीमों को आवश्यक निर्देश भी दिए। शहर में सर्वे के लिए लगाई गई टीमों को बसों से संबंधित क्षेत्र में भिजवाए जाने की व्यवस्था की गईं। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय अभियान में एपिडेमियोलोजिस्ट डॉ.अंकित माथुर, डीपीसी रामप्रकाश गढवाल, डीपीओ जितेन्द्र परमार, एएनएम व जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षणार्थियों, नर्सिंग ऑफिसर आशा सहयोगिनी आदि ने सराहनीय सेवाएं दी। सर्वे के दौरान शहर के नागरिकों ने भी चिकित्सा विभाग की टीमों की सराहना की।

# जिला कलक्टर का माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान: छुट्टी के दिन सरकारी दफ्तरों में की साफ-सफाई

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान के तहत शनिवार और रविवार को राजकीय अवकाश के दिन सुबह से ही सरकारी ऑफिसों में सफाई का दौर शुरू हो गया। इससे राजकीय कार्यालयों में साफ सफाई को लेकर जागरुकता बढ़ेगी और आमजन को भी स्वच्छता का संदेश मिलेगा। शनिवार से शुरू हुए माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान में सभी अधिकारियों और कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने कार्यस्थल में श्रमदान किया। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिले में माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान की शुरुआत की है। इससे कार्मिकों के साथ आमजन को भी साफ-सुधरा और सकारात्मक माहौल प्राप्त होगा। राजकीय कार्यालयों की सफाई के दौरान छतों पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, क्योंकि आमतौर पर छतों की सफाई को नजरअंदाज कर दिया जाता है। पहले चरण में सभी सरकारी कार्यालयों में



कर्मचारी अवकाश के दिन आकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इससे ऑफिस की सफाई के साथ वर्षो से जमा कबाड़ आदि के निस्तारण में आसानी होगी। जिला कलेक्टर सिंह ने बताया कि कार्यालयों और संस्थानों में स्वच्छता से कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा होगा, वहीं आमजन को भी सकारात्मक संदेश जाएंगे। संक्रमणों और बीमारियों से भी बचाव होगा। इसके लिए जिले के सभी विभागों के जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक स्तर तक के कार्यालयों में श्रमदान कर साफ-सफाई करने और कराने के निर्देश दिए हैं। इसकी फोटो भी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं, जिससे कहीं भी खानापूर्ति ना हो सके। ये बने माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, महिला अधिकारिता, आईसीडीएस, जिला परिषद, डीओआईटी, सांख्यिकी सहित अन्य विभागों में माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान के तहत साफ-सफाई की गई। वहीं रविवार को नगरपरिषद कार्यालय, डूंगरपुर, उद्यानिकी, कृषि, आत्मा कार्यालय आसपुर के सोम कमला आम्बा प्रोजेक्ट कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। दो दिनों में ब्लॉक स्तर पर भी राजकीय कार्यालयों में माय ऑफिस, क्लीन ऑफिस अभियान के तहत साफ-सफाई की गई।

# कलक्टर के निर्देशन में रसद विभाग ने घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं अवैध रिफिलिंग के विरूद्ध चलाया सघन अभियान

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देशन में जिला रसद विभाग डूंगरपुर ने कडी कार्यवाही करते हुए जिले भर में सघन अभियान चलाकर कुल 117 संस्थानों पर कार्यवाही करते हुए 234 घरेलु सिलेंडर को जब्त किया तथा तीन प्रकरण में एफआईआर दर्ज करवाई। जिला रसद अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 27 सितंबर 2024 तक संपूर्ण जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं अवैध रिफिलिंग आदि के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 18 सितंबर को कुल 18 स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 24 सिलेंडर जब्त किए गए वहीं 19 सितंबर को 16 जगह कार्यवाही करते हुए 28 सिलेंडर, 20 सितंबर को 18 संस्थानों पर कार्यवाही करते हुए 34 सिलेंडर, 21 सितंबर को 12 स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 43 सिलेंडर, 23 सितंबर को 12 संस्थानों पर कार्यवाही



करते हुए 26 सिलेंडर, 24 सितंबर को 13 स्थान पर कार्यवाही करते हुए 23 सिलेंडर, 25 सितंबर को 09 संस्थानों पर कार्यवाही करते हुए 24 सिलेंडर, 26 सितंबर को आठ संस्थानों पर कार्यवाही करते हुए 14 सिलेंडर तथा 27 सितंबर को 11 स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 18 सिलेंडरों को जब्त किया गया तथा संपूर्ण अभियान के तहत तीन प्रकरणों में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई। इस तरह कुल 117 कार्यवाही में कुल 234 घरेलू सिलेंडरों को जब्त किया गया। जिला रसद अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल अपने घर के लिए होता है । इस सिलेंडर को यदि कोई भी व्यक्ति अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान में अथवा किसी भी प्रकार से व्यवसायिक रूप से उपयोग करता है तो, वह गैरकानूनी है। ऐसे में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही करते हुए उसके सिलेंडर कनेक्शन जब्त होने तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट की कार्यवाही भी अमल में लाई जा सकती है। ऐसे में उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग नही करते हुए केवल व्यावसायिक कार्य के लिए केवल व्यवसायिक सिलेंडर का ही उपयोग करें, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# डिफॉल्टर्स के नाम सार्वजनिक होने से ही रुकेगी बैंकों के साथ धोखाधड़ी



आरबीआई अधिनियम 1934 की धारा 45 सी तथा 45 ई के तहत ग्राहकों के कर्ज से जुड़ी सूचना को गोपनीय रखने का प्रावधान है और इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है। अप्रैल, 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में भारतीय रिजर्व बैंक के इस तर्क को खारिज कर दिया था कि आरबीआई डिफॉल्टर्स के नाम सार्वजनिक नहीं कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई को निर्देशित किया था कि वह डिफॉल्टर्स के नाम और उनकी सूचना सार्वजनिक नहीं करने के प्रावधानों को निरस्त करे। इसके पूर्व भी वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह का आदेश दिया था कि बैंकों के कर्ज नहीं लौटाने वाले डिफॉल्टर्स के नाम छिपाने वाले प्रावधानों को हटाएँ।

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह उनके आदेश को गंभीरता से नहीं ले रहा है। जानबूझकर बैंक ऋण नहीं चुकाने वालों की सूची का खुलासा नहीं करने पर केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने आरबीआई के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि रिजर्व बैंक 50 करोड़ रूपये और इससे अधिक का ऋण लेने और जानबूझकर उसे नहीं चुकाने वालों के नाम सार्वजनिक करे। रिजर्व बैंक ने सरकार के आर्थिक हित, वाणिज्यिक गोपनीयता और सूचना को अमानत के रूप में रखने के अपने कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए डिफॉल्टर्स के नामों की सूची को सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया था। मोदी सरकार के कार्यकाल में दबाव वाले कर्ज का पारदर्शी तरीके से पहचान का काम हुआ है, पहले उस पर पर्दा डाला हुआ था।

रिजर्व बैंक ने देश में ऋण लेने वाले सभी व्यक्तियों, इकाइयों का ब्योरा एक जगह उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल सार्वजनिक साख पंजिका (पीसीआर) स्थापित करने का कदम उठाया है। इसमें जानबूझकर क़र्ज़ नहीं लौटाने वालों के नाम और क़र्ज़ चुकाने में अनियमितताओं से संबंधित लंबित क़ानूनी मामलों की जानकारी रखी जाएगी। इस कदम का मकसद बाजार में क़र्ज़ की धांधली रोकना है। पीसीआर में सेबी, माल एवं सेवा कर नेट वर्क (जीएसटीएन) तथा इनसोल्वेंसी एवं बैंकरप्सी बोर्ड (आईबीसी) से प्राप्त सूचनाएँ भी शामिल की जाएंगी, जिससे बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को क़र्ज़दारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सके। अभी तक जांच एजेंसियां आर्थिक अपराध और बैंक धोखाधड़ी के मामलों में समय-समय पर बैंकों से जानाकरियां लेती रही हैं, लेकिन अपनी जानकारी बैंकों के साथ साझा नहीं करती थीं। सरकार ने अब सभी जांच एजेंसियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं कि वे आर्थिक अपराध और बैंक घोटाले रोकने के लिए बैंकों के साथ अपनी जानकारियां साझा करें। जांच एजेंसियों और बैंकों के बीच जानकारियां साझा होने से बैंक उन व्यक्तियों के खिलाफ सावधान हो जाएँगे जिनके खिलाफ आर्थिक अपराध और धोखाधड़ी करने के आरोप लगे हैं।

बैंक बहुत बार ऐसे लोगों को ऋण दे देता है जिनके ऋण खाते किसी अन्य बैंक में अनियमित हैं। चूककर्ताओं के नाम सार्वजनिक नहीं होने से पुराना चूककर्त्ता ऋणी नये नाम से या तो उसी बैंक की अन्य शाखा से से या दूसरी बैंक से ऋण प्राप्त करने में सफल हो जाता है। चूककर्त्ता ऋणी अपनी सहायक कंपनियों (सिस्टर कन्सर्न) के नाम से लोन लेने में सफलता प्राप्त कर लेता है। बैंक एनपीए खातों की सूची और न्यायालय में लगे हुए मुक़दमों के प्रकरणों की सूची सीआईसी (क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनीज) अर्थात सिबिल, इक्विफ़ेक्स क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेस, एक्सपेरियन क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनी, सीआरआईएफ हाई मार्क क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेस को समय पर नहीं देती है जिसके कारण अन्य बैंक ऐसे खराब खातों के ऋणी को वित्त सुविधाएं प्रदान कर देते हैं और कुछ ही समय में ऐसे नये ऋण खाते उस अन्य बैंक में भी एनपीए में तब्दील हो जाते हैं। इस प्रकार बैंक उद्योग में एनपीए दिनों-दिन बढ़ता जाता है। एक ही व्यक्ति अलग-अलग बैंकों से कई बार आसानी से कर्ज ले लेता है। बैंक एक दूसरे से संपर्क में नहीं रहते हैं। बैंक का अन्य वित्तीय संस्थाओं से समन्वय नहीं रहता है और तो और बैंकों में आपस में ही समन्वय नहीं रहता है, इसी कारण जानबूझकर चूक करने वाले ऋणी इसका फ़ायदा उठाकर बैंकों को बहुत बड़ा चूना लगा देते हैं। अधिक बैंक होने से बैंकों में आपसी प्रतिस्पर्धा का फ़ायदा चूककर्ता ऋणी आसानी से उठा लेते हैं। वे एक बैंक के अपने अनियमित खातों को नियमित करने के लिए दूसरे बैंक से अपनी नई फर्जी कंपनी बनाकर ऋण लेते हैं और फिर दूसरे बैंक के ऋण खातों को ठीक करने के लिए तीसरे बैंक से एक और नई फर्जी कंपनी बनाकर ऋण लेते हैं।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# आत्महत्याओं पर लगे लगाम



विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल लगभग आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं। जिनमें से 21 फीसदी आत्महत्याएं भारत में होती है। हमारे देश में शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता होगा जब किसी न किसी इलाके से गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, कर्ज जैसी तमाम आर्थिक तथा अन्य सामाजिक दुश्वारियों से परेशान लोगों के आत्महत्या करने की खबरें न आती हों। देश में हर चार मिनट में एक आत्महत्या की जाती है। 2018 में पारित हुए मेंटल हेल्थ केयर एक्ट 2017 के तहत भारत में आत्महत्या के अपराधीकरण का कानून खत्म करते हुए मानसिक बीमरियों से जूझ रहे लोगों को मुफ्त मदद का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून के तहत आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के मदद पहुंचाना, इलाज करवाना और पुनर्वास देना सरकार की जिम्मेदारी होगी। भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में मानसिक स्वास्थ से जूझ रहे लोगों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस मामले में अभी तक विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से कोई ठोस बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन विश्व के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे आत्महत्याओं के बढ़ते मामलों पर तुरंत संज्ञान लेने की जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट खुलासा करती है कि विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों के लोग अधिक आत्महत्या कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि विकसित देशों में महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में आत्महत्या की दर अधिक है। परन्तु विकासशील देशों में महिलाओं की आत्महत्या की दर अधिक पाई गई है। विश्व स्वास्थय संगठन के आंकड़े यह भी खुलासा करते हैं कि आत्महत्या के मामले में भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के तुलनात्मक आंकड़े बताते हैं कि भारत में आत्महत्या की दर विश्व आत्महत्या दर के मुकाबले बढ़ी है। भारत में पिछले दो दशकों की आत्महत्या दर में एक लाख लोगों पर 2.5 फीसद की वृद्धि हुई है। आज भारत में 37.8 फीसद आत्महत्या करने वाले लोग 30 वर्ष से भी कम उम्र के हैं। दूसरी ओर 44 वर्ष तक के लोगों में आत्महत्या की दर 71 फीसद तक बढ़ी है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार भारत में 2019 में आत्महत्या करने से रोजाना 381 मौतें हुईं व पूरे साल में कुल 1 लाख 39 हजार 123 लोग मरे। 2018 में 1 लाख 34 हजार 516 और 2017 एक लाख 29 हजार 887 लोगों ने आत्म हत्या की थी। 2018 की तुलना में 2019 के दौरान देश में आत्महत्याओं में 3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। पिछले वर्ष देश में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले 53.6 प्रतिशत लोग थे। वहीं जहर खाकर 25 प्रतिशत, पानी में डूब कर 5.2 प्रतिशत लागो ने आत्महत्या की थी। आत्महत्या करने वालों में 70.2 प्रतिषत पुरुष और 29 प्रतिषत महिलाएं थी। देश में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 18 हजार 916 लोगों द्वारा आत्महत्याओं की गयी थी। इसके बाद तमिलनाडु में 13,493, पश्चिम बंगाल में 12,665, मध्य प्रदेश में 12,457 और कर्नाटक में 11,288 लोगों ने आत्महत्या की थी। देश में दर्ज कुल आत्महत्याओं का 49.5 प्रतिशत हिस्सा इन पांच राज्यों में था। शेष 50.5 प्रतिशत आत्महत्याओं की रिपोर्ट देश के अन्य सभी प्रदेशों की थी।

**विचार बिन्दु**



रमेश सर्राफ धमोरा

**सरकार को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले आर्थिक-सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारणों की गहराई से पड़ताल करनी चाहिये और अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी के तौर पर ऐसे उपाय करे कि लोग अपनी जीवनलीला समाप्त करने का विचार ही दिमाग में न लाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में सरकारों को सलाह दी गई है कि आत्महत्या का मीडिया ट्रायल नहीं हो। देश में अल्कोहल को लेकर ठोस नीति बनाई जाए। आत्महत्या के संसाधनों पर रोक लगाते हुए आत्महत्या के प्रयास करने वालों की उचित देखभाल की जाए।**

देश के कई हिस्सों में गरीब किसानों के द्वारा की जाने वाली खुदकुशी की घटनाएं भी किसी से छिपी नहीं हैं। महाराष्ट्र का विदर्भ क्षेत्र तो इसके लिए कुख्यात है। देश के अन्य हिस्सों में कर्ज में डूबे गरीब व निर्धन किसान भी आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। असलियत तो यह है कि देश में किसी भी व्यक्ति द्वारा की गई आत्महत्या इस सामाजिक व्यवस्था पर एक करारा तमाचा है। देश के किसानों में आत्महत्या की प्रवृत्ति रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। बीते वर्ष खुदकुशी के कारण देश ने 3 हजार किसानों को खोया था। पिछले 20 सालों में हजारों किसानों ने अपना जीवन त्याग दिया। किसान जो अन्नदाता हैं। अपनी मेहनत से देश की 130 करोड़ जनसंख्या के पेट की आग बुझाता हैं। वही आज अपने पेट की आग नहीं बुझा पा रहे हैं। प्राकृतिक प्रकोप और ऊपर से सरकारी उदासीनता के कारण अन्नदाता दाने-दाने को मोहताज नजर आ रहे हैं। ऐसे में जब हालात बद से बदतर हो जाते हैं तब वे मजबूरन आत्महत्या करने को मजबूर हो जाते हैं। भारत में अवसाद की बीमारी भी तेजी से पांव पसार रही है। आंकड़े बताते हैं कि विगत दशकों में बदलते परिवेश, आधुनिक जीवन-शैली, तात्कालिक विफलता और बढ़ती बेरोजगारी के कारण ग्रामीण भारत के युवाओं में अवसाद के कारण आत्महत्या करने की प्रवृति बढ़ी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2019 में कुल 1,39,123 लोगों ने आत्महत्या की थी। जिसमें बेरोजगारों की संख्या 14,019 थी। जो 2018 की तुलना में 8.37 प्रतिशत अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार देश में करीब 23 लाख लोगों को तात्कालिक तौर पर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की जरूरत है। जबकि देश में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। देश में 130 करोड़ आबादी के लिए मात्र 5 हजार मानसिक रोग चिकित्सक हैं। बिगड़ते मानसिक स्वास्थ्य को एक वैश्विक चुनौती करार देते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया के हर देश को मेंटल हेल्थ पर गंभीर कदम उठाने की सलाह दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन के मुताबिक व्यक्ति को समय रहते भावनात्मक संबल मिल जाना ही आत्महत्या से बचाव का सबसे कारगर उपाय है। दुनिया के अनेक मनोविज्ञानियों ने अभिभावकों के लिए सलाह जारी की है। बच्चों से प्रतिदिन सहज संवाद को सबसे कारगर बताया गया है। बच्चों को यह सिखाया जाना जरूरी है कि खतरा क्या है और संभावित किसी भी परिस्थिति का सामना वह कैसे करें। वे अभिभावकों के साथ रोजमर्रा की छोटी से छोटी बात की जानकारी साझा करें। ताकि समय रहते सावधानी बरती जा सके।

सरकार को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले आर्थिक-सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारणों की गहराई से पड़ताल करनी चाहिये और अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी के तौर पर ऐसे उपाय करे कि लोग अपनी जीवनलीला समाप्त करने का विचार ही दिमाग में न लाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में सरकारों को सलाह दी गई है कि आत्महत्या का मीडिया ट्रायल नहीं हो। देश में अल्कोहल को लेकर ठोस नीति बनाई जाए। आत्महत्या के संसाधनों पर रोक लगाते हुए आत्महत्या के प्रयास करने वालों की उचित देखभाल की जाए। समाज में सफल लोगों की असफलताओं से सीख लेकर भी आत्महत्या के बढ़ते रुझान पर काबू पाया जा सकता है। मनोचिकित्सको के मुताबिक आर्थिक परिवेश, सामाजिक परिवेश के साथ ही कई और भी कारण है। जिसके चलते अक्सर लोग निराश होकर आत्महत्या करने को मजबूर हो जाते है। इसमें सबसे बड़ा कारण परिवारिक समस्याओं का सामने आ रहा है। इसके बाद दूसरा बड़ा कारण असाध्य बीमारियों का है। जिसके चलते जीवन से निराश होकर लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि आत्महत्या के मामलों के अध्ययन के बाद सरकार और गैर-सामाजिक संगठनों को मिल कर एक ठोस पहल करनी होगी। इसके लिए जागरुकता अभियान चलाने के अलावा हेल्पलाइन नंबरों के प्रचार-प्रसार पर ध्यान देना होगा। इसके साथ ही समाज में लोगों को अपने आस-पास ऐसे लोगों पर निगाह रखनी होगी जिनमें आत्महत्या या अवसाद का कोई संकेत मिलता है। सबको मिल कर आगे बढ़ना होगा।

# सावन के तीसरे सोमवार को लगता है आगरा का सुप्रसिद्ध कैलाश मेला

कैलाश मेले के दिन आगरा के स्थानीय प्रशासन द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है और इस दिन आगरा के सभी स्कूल-कॉलेज, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में छुट्टी होती है। मेले के अवसर पर जो बड़ी भीड़ इकट्ठा होती है, उनकी भक्ति और खुशी देखने लायक होती है। हमारे भारत देश में एक समृद्ध आध्यात्मिक और धार्मिक विरासत के साथ, कई धर्मों का पालन किया जाता है। नतीजतन धार्मिक त्योहारों की एक बड़ी संख्या को मनाया जाता है। ऐसा ही एक त्योहार आगरा का सुप्रसिद्ध कैलाश मेला है। आगरा का यह सुप्रसिद्ध कैलाश मेला हर वर्ष सावन महीने के तीसरे सोमवार को लगता है। कैलाश मेला हर साल बड़ी धूमधाम से आगरा के सिकंदरा क्षेत्र में यमुना के किनारे स्थित कैलाश मंदिर पर लगता है। कैलाश मेला सावन महीने में भगवान शिव के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो साल के हर सोमवार को आगरा के कैलाश मंदिर पर भक्तों का जमावड़ा लगता है, लेकिन सावन महीने में कैलाश मंदिर का मनमोहक नजारा होता है। हर तरफ भक्ति की बयार बही होती है और भगवान शिव के भक्त दूर दराज के क्षेत्रों से दर्शन करने के लिए आते हैं। ऐसी मान्यता है कि आगरा के कैलाश मंदिर पर मांगी गयी हर मनौती भगवान शिव पूर्ण करते हैं। कैलाश मेले पर आगरा का माहौल बहुत हंसमुख होता है। आगरा के लोग कैलाश मेले को एक पर्व की तरह मनाते हैं।

कैलाश मेले के दिन आगरा के स्थानीय प्रशासन द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है और इस दिन आगरा के सभी स्कूल-कॉलेज, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में छुट्टी होती है। मेले के अवसर पर जो बड़ी भीड़ इकट्ठा होती है, उनकी भक्ति और खुशी देखने लायक होती है। इस दिन कैलाश मंदिर के कई-कई किलोमीटर दूर तक खेल-खिलौनों, खाने-पीने सहित अनेकों दुकानों की स्थापना की जाती है। इस दिन यमुना किनारे कैलाश मंदिर पर हजारों कांवड़िये दूर-दूर से कांवड़ लाकर भगवान शिव की भक्ति से ओत-प्रोत होकर बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए कांवड़ चढ़ाते हैं। वैसे तो सावन के हर सोमवार को आगरा के सभी सुप्रसिद्ध शिव मंदिरों में कांवड़ चढ़ाई जाती हैं लेकिन सावन के तीसरे सोमवार को कैलाश मंदिर पर कांवड़ चढाने का अपना अलग ही महत्व है। इस दिन कैलाश मंदिर के किनारे से गुजरने वाली यमुना में स्नान करना भी काफी शुभ माना जाता है, इसलिए भक्त मंदिर में शिवलिंगों के दर्शन करने से पहले यमुना में जरूर स्नान करते हैं। माना जाता है कि आगरा के कैलाश महादेव का मंदिर पांच हजार वर्ष से भी अधिक पुराना है। मंदिर में स्थापित दो शिवलिंग मंदिर की महिमा को और भी बढ़ा देते हैं। कहा जाता है कि कैलाश मंदिर के शिवलिंग भगवान परशुराम और उनके पिता जमदग्नि के द्वारा स्थापित किए गए थे। महर्षि परशुराम के पिता जमदग्नि ऋषि का आश्रम रेणुका धाम भी यहां से पांच से छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार इस मंदिर का अपना अलग ही एक महत्व है। त्रेता युग में भगवान् विष्णु के छठवें अवतार भगवान् परशुराम और उनके पिता ऋषि जमदग्नि कैलाश पर्वत पर भगवान शिव की आराधना करने गए। दोनों पिता-पुत्र की कड़ी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें वरदान मांगने को कहा। इस पर भगवान परशुराम और उनके पिता ऋषि जमदग्नि ने उनसे अपने साथ चलने और हमेशा साथ रहने का आशीर्वाद मांग लिया। इसके बाद भगवान शिव ने दोनों पिता-पुत्र को एक-एक शिवलिंग भेंट स्वरुप दिया। जब दोनों पिता-पुत्र यमुना किनारे अग्रवन में बने अपने आश्रम रेणुका के लिए चले तो आश्रम से 6 किलोमीटर पहले ही रात्रि विश्राम को रुके। फिर सुबह होते ही दोनों पिता-पुत्र हर रोज की तरह नित्य कर्म के लिए गए।




## 30 सितम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1984 उत्तरी एवं दक्षिणी कोरिया के बीच 1945 के बाद पहली बार सीमाएँ खोली गईं।

1993 भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में भूकम्प के कारण 10,000 हज़ार से अधिक लोग मारे गए एवं लाखों बेघर हो गए।

2001 इस्त्रायल की आतंरिक मंत्रिपरिषद ने फ़िलिस्तीन के साथ हुए समझौते को मंज़ूरी दी।

2001 कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधव राव सिंधिया का निधन।

2002 पाकिस्तान में कट्टरपंथी मुसलमानों ने एक मंदिर को तोड़ा, चीन ने भारत के साथ स्वेच्छा वार्ता को और सार्थक बनाने की इच्छा व्यक्त की।

2003 विश्वनाथन आनंद ने विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीती।

2004 चीनी दार्शनिक कन्फ़्यूशियस की 2555वीं जयंती मनाई गयी।

2007 परवेज मुशर्रफ़ को दुबारा वर्दी में राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए विपक्ष के 236 सांसदों-विधायकों ने त्यागपत्र दिया। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत इब्राहिम गांबरी ने विपक्षी नेता आंग सान सूकी और म्यांमार की सैनिक सरकार से मुलाकात की।

2009 प्रख्यात पार्श्व गायक मन्ना डे को वर्ष 2007 प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए चुना गया।

2010 इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने विवादित बाबरी मस्जिद मामले में जमीन को तीन हिस्सों में बांटकर रामलला, निर्मोही अखाड़े और वक्फ बोर्ड को एक-एक हिस्सा देने का फैसला सुनाया।

# किसान और जवान की मजबूती से ही होगा देश मजबूत

**विचार बिन्दु**



घनश्याम खूबपुरा

**हमे ,सरकार को इनका ध्यान रखना चाहिए इनका सम्मान करना चाहिए ,किसानों को समय पर रियायती दर पर बीज,खाद,बिजली, ऋण उपलब्ध करवाना चाहिए।**

किसान और जवान हमारे देश के दो मजबूत स्तंभ हैं, कहा भी गया है (जय जवान जय किसान),जिनको हम देश की रीढ या आधार भी कहे तो कोई बड़ी बात नहीं है,लेकिन आज दोनों की ही स्थिति ठीक नहीं है, किसान और जवान अक्सर अपनी समस्याओं से घिरकर आत्महत्या करने लगे हैं,ये हमारे लिए पूरे देश के लिए बड़े ही शर्म की बात है,जबकि सब जानते हैं कि जवान और किसान के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं है,अगर ये अपना काम छोड़ दे तो हम वापस गुलाम बन जाएंगे, भूखे मर जाएंगे।,हमारा देश कृषि प्रधान देश है जहां कि कम से कम 70% जनसंख्या प्रत्क्ष्य या अप्रत्क्ष रूप से खेती से अपना जीवन यापन करती है, देश का किसान अन्नदाता हमारे देश की रीढ़ है, नीव है जिस पर हमारे देश का आधार टिका है, जो हमे सर्दी गर्मी बरसात सहकर अन्न उपजाता है,जिससे हम सभी का पेट भरता है,लेकिन उसे आज बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, बह उपेक्षित हैं, अपनी मांग रखने पर आज उन्हें डंडे मारे जाते हैं, पीटा जाता है अपमानित किया जाता है,ना उन्हें समय पर बिजली



मिलती है ना बीज,ना खाद मिलता है ना ऋण, ना पानी मिलता है ना कोई और सुविधा, और जैसे तैसे वो अपनी फसल पैदा कर भी लेता है तो उसे अपनी फसल का उचित दाम नहीं मिलता, ओने पोने दामों में उसे अपनी फसल बेचनी पड़ती है। कृत्रिम समस्याओं के साथ साथ किसान को प्राकृतिक समस्याओं जैसे बाढ़,अकाल, पाला,रोग,टिड्डी, आवारा जानवर आदिं का भी सामना करना पड़ता है, ऐसी ही हालात हमारे देश के जवानों की है जिनके बॉर्डर पर रहने के कारण ही हम अपने घरों में आराम करते हैं,उत्सव मनाते हैं, सुख सुविधा भोगते हैं,लेकिन आज देश के सैनिकों का भी हाल ठीक नहीं है ना उन्हें ठीक खाना दिया जाता है,ना ठीक हथियार,ना आवागमन की ठीक सुविधा है ना मनोरंजन की और भी बहुत सी समस्याएं है,वो 50% माईनस और प्लस दोनों मोसमो के समय डटकर बिना अपनी जान की परवाह किए भयंकर ठंड और गर्मी में भी सीमा पर डटकर देश को हमे सुरक्षित रखते हैं,इसलिए किसान और जवान दोनों ही हमारे देश की रीढ है, नीव है जिन पर हम निर्भर है, पूरा देश निर्भर है ।हमे ,सरकार को इनका ध्यान रखना चाहिए इनका सम्मान करना चाहिए ,किसानों को समय पर रियायती दर पर बीज,खाद,बिजली, ऋण उपलब्ध करवाना चाहिए, और फसल का उचित मूल्य दिलवाना चाहिए, फसल का मुआवजा, ग्राम पंचायत या ब्लॉक स्तर पर कोल्ड स्टोरेज का निर्माण करवाना चाहिए जिससे किसान अपनी फसल को सुरक्षित रख सके,स्कूल,अस्पताल आदि जगहों पर भी इनको छूट मिलनी चाहिए,ऐसे ही देश के जवानों को अच्छा खाना,अच्छे हथियार, मनोरंजन के साधन,सही बेतन भत्ते, बुलेट प्रूफ जैकेट, आवागमन की सही सुबिधा,छुट्टी,सम्मान देना चाहिए, मीडिया को भी किसान और सैनिकों की समस्याओं को मजबूती से उठाना चाहिए, ज्यादा से ज्यादा इनके कार्यक्रम दिखाने चाहिए, जिससे इनकी समस्याओं का हल हो,इनका सम्मान बढ़े, मै खुद भी किसानों की कई समस्याओं को लेकर 2019 में करौली कलेक्ट्री पर10 दिवसीय धरना दे चुका हूं,कई ज्ञापन दे चुका हूं,पाठयक्रम में भी इन दोनों के सम्मान और वीरता भरे पाठ जोड़ने चाहिए,इनके महत्व को पढ़ाया जाना चाहिए,इनके रहन सहन,इनके काम से बच्चो को रूबरू कराना चाहिए,क्योंकि ये दोनों खुश रहेंगे तभी हम ,हमारा परिवार,समाज,देश खुश और सुरक्षित रहते हुए विकाश करेगा और सही मायनों में हमारे देश का नारा (जय जवान जय किसान ) सार्थक होगा।

# किडनी और लिवर के लिए घातक है हीट स्ट्रोक

गर्मियों में काफी लोग हीट स्ट्रोक के शिकार हो जाते हैं। हीट स्ट्रोक एक गंभीर मामला है। इस स्थिति से पूरी तरह बचना संभव है, लेकिन हीट स्ट्रोक में जरा-सी लापरवाही मौत को न्योता दे सकती है। सबसे पहले समझते हैं कि हीट स्ट्रोक है क्या। कैसे ये शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित करता है और किन तरीकों से इससे बचा जा सकता है।





## दिल, किडनी और लिवर ख़तरे में

तेज गर्मी से शरीर की मेटाबॉलिक एक्टिविटी यानी पेट से जुड़े अंगों के काम करने की क्षमता एकदम से बढ़ जाती है। इससे आमतौर पर ब्लड प्रेशर कम हो जाता है और तुरंत ही दिल पर इसका असर पड़ने लगता है, क्योंकि ऑक्सीजन का लेवल तेजी से कम होने लगता है। मेटाबॉलिज़्म बिगड़ने से शरीर में बेकार की चीजें को निकलने का मौका नहीं मिलता, जिससे किडनी और लिवर डैमेज होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में पेशेंट को आईसीयू में इलाज की जरूरत पड़ जाती है। यूरिन रुक जाने की हालात में किडनी तक फेल होने की संभावना बनी रहती है।

## जल्दी लक्षण समझें

शरीर का तापमान तेजी से बढ़ना, बहुत ज्यादा गर्मी लगना, सिरदर्द, थकान, पसीना न निकलना, चिड़चिड़ापन, चक्कर आना, जी मिचलाना, सांसों का तेजी से बढ़ना और घटना आदि हीट स्ट्रोक के शुरुआती लक्षण होते हैं।

कई बार एकाएक बेहोशी या दौरे जैसे हालात भी बन जाते हैं। हीट स्ट्रोक में पहला घंटा सबसे अहम होता है। इसके बाद जान को खतरा बढ़ता ही चला जाता है।

## मरीज़ की ऐसे कर सकते हैं मदद

कोई गर्मी के कारण बेहोश होता दिखे, तो उसे तुरंत पानी या इलेक्ट्रोलाइट्स का घोल पिलाएं। बेहोश हो गया हो, तो तुरंत उसके सिर, हाथ, बगलों और तलवों पर ठंडे पानी में भिगोया कपड़ा रखें।

उसे छांव में ले जाएं। हो सके तो बर्फ के पानी की पट्टियां रखें। ये सारे फर्स्ट एड हैं, इसलिए अस्पताल ले जाने में जरा भी देर न करें। मौसम कोई भी हो, थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पिलाते रहें। लंबे समय तक धूप में काम करने वालों को चाहिए कि बीच-बीच में किसी ठंडी जगह पर जाकर दो मिनट शरीर को आराम देते रहें।

## दो तरह से होता है प्रभाव



हीट स्ट्रोक उन लोगों को जल्दी प्रभावित करता है, जो बिना किसी सुरक्षा उपाय के धूप में या बहुत ही गर्मी में लंबे समय तक रहते हैं। इनमें जिम में एक्सरसाइज करने वाले लोग भी शामिल हैं। सड़क पर काम करने वाले और किसी भट्ठी पर काम करने वाले मज़दूरों को हीट स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा होता है। एक दूसरी तरह के हीट स्ट्रोक का अटैक अमूमन उन लोगों पर होता है, जिनका शरीर बदलते तापमान के हिसाब से जल्दी एडजस्ट नहीं होता। इसमें छोटे बच्चे, बुजुर्ग और वे लोग शामिल हैं, जो किसी लंबी बीमारी से जूझ रहे होते हैं।

# हैप्पी ओल्ड एज के स्मार्ट टिप्स



'जियो और जीने दो' के सिध्दांत को स्थापित रखने का प्रयास करें। जीवन के हर क्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण सतर्क रहें। आवश्यक चैकअप समय-समय पर कराते रहें। जहां तक संभव हो प्रौढ़ावस्था में ही अपनी वृध्दावस्था की तैयारी आरंभ कर दें। अपना बैंक-बैलेंस और आभूषणों को भविष्य में आने वाले समय के लिए सुरक्षित रखें। अपना सब कुछ बांटने और देने की भूल, भूलकर भी न करें। व्यस्त और सक्रिय रहने का प्रयास करें। इसके लिए नियमित रूप से समय के साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। संतुलित और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। आपका स्वभाव जितना अच्छा होगा, उतना ही आपका बुढ़ापा अच्छा कटेगा। इस बात का विशेष ध्यान रखें। युवा पीढ़ी से ही नहीं, बल्कि किसी अन्य से भी अधिक उम्मीदें कभी न रखें। नौकरी से अवकाश के उपरांत घर पर व्यर्थ न बैठें और न ही आत्मकेन्द्रित बनें, बल्कि समाज व सामाजिक कार्यों के प्रति अपना सक्रिय योगदान दें। आज की आधुनिक जीवनशैली में बहुत आवश्यक है आपका समय के साथ चलना, इसलिए समय के साथ-साथ स्वयं में भी बदलाव लाने का प्रयास करें। दूसरे के काम आने का प्रयास करें, इससे आपको भी आत्मसंतुष्टि मिलेगी और दूसरे भी आपसे खुश रहेंगे। इस अवस्था में आप अपनी रुचि व इच्छा के वे सभी कार्य करें, जो आप अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए न कर सके थे। नकारात्मक विचारों को मन में स्थान न दें। सकारात्मक सोच के साथ जीवन के हर सुख-दु:ख को जीने का प्रयास करें। स्वयं में आत्मबल का विकास करें। हर विपरीत परिस्थिति में अपना संयम न खोयें, बल्कि धैर्य और शान्ति से बुरे समय के निकल जाने का इन्तजार करें।

# न्यूरोपैथिक दर्द से पाएं राहत



**न्यूरोपैथिक पेन एक जटिल और लंबे वक्त तक चलने वाला दर्द है। यह दर्द क्षतिग्रस्त व ठीक तरह से काम न करने वाले या चोटिल स्नायु ( नर्व ) फाइबर्स के कारण पैदा होता है।**

### उपचार

न्यूरोपैथिक दर्द के कारण को चिन्हित करते हुए चिकित्सा करना। डीकम्प्रेशन मिनिमल इन्वेसिव सर्जरी के जरिये तंत्रिका पर पड़ रहे दबाव को हटाना। रीढ़ या आसपास के भाग में नर्व ब्लाक इंजेक्शन- के जरिये चिकित्सा करना।

### लक्षण

सुइयां जैसी चुभना, जलन होना, त्वचा का सुन्न पड़ जाना और तेज दर्द होना इस रोग के लक्षण हैं। इसके अलावा बिजली के करेंट जैसा झटके के साथ दर्द होना और चींटियां जैसा काटने का अनुभव होना न्यूरोपैथिक दर्द के लक्षण हैं।

### कारण

न्यूरोपैथिक दर्द के कुछ सामान्य कारणों में शराब का अत्यधिक सेवन, डाइबिटीज होना, एचआईवी संक्रमण, रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन और पैर व कमर संबंधी समस्या को शामिल किया जाता है।

### डायग्नोसिस

न्यूरोपैथिक दर्द का पता लगाने के लिए डॉक्टर शारीरिक जांच करते हैं। आपके स्नायुओं (नर्व्स) को नुकसान पहुंचा है या नहीं, यह पता लगाने का सबसे सामान्य तरीका है- इलेक्ट्रोमायोग्राम के साथ नर्व कंडक्शन स्टडी। सियोमीटर जांच।

### गलत धारणाएं और तथ्य

केवल डाइबिटीज से ग्रस्त व्यक्तियों को ही न्यूरोपैथिक दर्द होता है।

इस तरह की धारणा गलत है। सच तो यह है कि डाइबिटीज से ग्रस्त व्यक्तियों में न्यूरोपैथिक समस्या सामान्य रूप से पायी जाती है, लेकिन कीमोथेरेपी लेने वाले, किसी तरह की चोट या बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों, ऐसे व्यक्ति जिनका कोई अंग-भंग हो गया हो, उन्हें भी न्यूरोपैथिक दर्द हो सकता है। बढ़ती उम्र के साथ भी न्यूरोपैथिक दर्द हो सकता है।

### रोकथाम

तंत्रिकाओं (नर्व्स) का दर्द कम करने के लिए डाइबिटीज पर नियंत्रण रखें। नशे से दूर रहें और व्यायाम करें।

व्यायाम से पैरों और पंजों के स्नायुओं में रक्त संचार ठीक तरह से होता है।

**व्यायाम**- उंगलियों और हाथों को गोल-गोल घुमाएं, पूरे शरीर की मांसपेशियों को स्ट्रेच करें।

**खान- पान:** में साबुत अनाज, विटामिन सी युक्त फल और हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर और पौधों से प्राप्त वसा का सेवन लाभकारी है।

# क्यों उठ रहा है दिमाग में

**बीते दिनों नेपाल और भारत में आए भूकंप के बाद तमाम लोग डॉक्टरों और मनोरोग विशेषज्ञों के पास गए। इनमें से ज्यादातर लोगों की प्रमुख शिकायत थी कि भूकंप के गुजर जाने के बाद वे बेचैनी महसूस कर रहे हैं...। किसी का कहना था कि उन्हें ढंग से नींद नहीं आ रही है कि पता नहीं कब भूकंप के झटके महसूस होने लगे। किसी-किसी का कहना था कि उन्हें अभी भी कभी-कभी यह महसूस होता है कि जमीन हिल रही है...आदि।**



### पोस्ट ट्रामेटिक स्ट्रेस डिस्ऑर्डर

इस संदर्भ में नई दिल्ली के वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अचल भगत कहते हैं कि मेरे पास उपर्युक्त समस्याओं के बाबत लोग आए। असल में दो तरह के लोग होते हैं, एक तो वे जिन्हें भूकंप के दौरान जान-माल की क्षति हुई। ऐसे लोग एक मनोरोग- पोस्ट ट्रामेटिक स्ट्रेस डिस्आर्डर- से ग्रस्त हो सकते हैं। ऐसे लोगों में घबराहट बहुत ज्यादा होती है। उनके दिमाग में पुरानी घटनाओं का फ्लैश बैक चलता रहता है।

### बचें कैटेस्ट्रॉफिक थिंकिंग- से

जिन लोगों का भूकंप से नुकसान नहीं हुआ है और वे तब भी आशंकाग्रस्त व अत्यधिक भयग्रस्त हैं, तो उनकी इस सोच को मनोचिकित्सकीय भाषा में कैटेस्ट्रॉफिक थिंकिंग (हादसे से संबंधित सोच) कहा जाता है। इस संदर्भ में नई दिल्ली के एक अन्य वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. गौरव गुप्ता कहते हैं कि भूकंप के बाद तमाम लोगों के मन में डर अपनी जड़ें जमा लेता हैं। धीरे-धीरे यह भय एंग्जाइटी (बेचैनी) में बदल जाता है।

### इलाज

कोई व्यक्ति भूकंप के गुजरने के बाद भी बेचैनी महसूस कर रहा है, तो वह मनोरोग विशेषज्ञ से काउंसलिंग व दवा ले। ध्यान दूसरी ओर आकर्षित करें। किसी हॉबी में मशगूल हों। मन को बहलाने का प्रयास करें। ईश्वर का ध्यान करें। इससे आपका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ता है, मन की बेचैनी कम होती है और आप इस सत्य को समझने लगते हैं कि भगवान की मर्जी के आगे किसी की नहीं चलती। इसलिए स्वयं को नकारात्मक सोच के दायरे में रखना अपना ही नुकसान करना है।

# मायोपिया से बचने के लिए टीवी कम देखें

बात जब मनोरंजन की हो, तो अपने बच्चे को स्क्रीन देखने से ज़्यादा आउटडोर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। यह मायोपिया से बचाव का की फैक्टर हो सकता है। अनुमान है कि भारत में हर तीन में से एक व्यक्ति मायोपिया का शिकार है और बच्चों में यह समस्या बढ़ रही है। एम्स के शोधकर्ताओं के अनुसार भारत में 12 साल की उम्र के आठ बच्चों में से एक को ब्लैकबोर्ड पढ़ने के लिए चश्मा लगता है। इस अध्ययन में दिल्ली के सरकारी और निजी स्कूलों के करीब 10 हज़ार छात्रों की समीक्षा की गई और पाया गया कि 11.6 साल की औसत उम्र के 13.1 फीसदी बच्चे निकट दृष्टि दोष के शिकार हैं। हालांकि अब तक सूरज की रोशनी और मायोपिया का संबंध स्थापित नहीं किया जा सका है लेकिन कई ताज़ा अध्ययनों की दलील है कि सूरज की रोशनी इस रोग से बचाव में मदद करती है। शोधकर्ता कहते हैं कि इस रोग के लिए जीन्स की भूमिका भी हो सकती है। यूरोप और एशिया के 45 हज़ार लोगों पर किये जा रहे एक बड़े अध्ययन में सामने आया है कि दृष्टि से 24 जीन्स का संबंध है जिनमें से 2 इस रोग के कारण से जुड़े हैं। जिन लोगों में ये जीन्स होते हैं उनमें मायोपिया होने की आशंका 10 गुना बढ़ जाती है। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे उन बच्चों में मायोपिया के मामले ज़्यादा देखे गये, जिनके अभिभावक या भाई-बहन इस रोग से ग्रस्त हैं या जो उच्च आय वाले परिवारों से संबंधित हैं। यह आनुवांशिकी को नहीं दर्शाता लेकिन कुछ ऐसी गतिविधियों को इंगित करता है जो नेत्र संबंधी समस्या से जुड़ी हैं जैसे टीवी या स्क्रीन गैजेट्स आदि का प्रयोग। शोधकर्ताओं ने पाया कि उन बच्चों में मायोपिया सबसे ज़्यादा पाया गया जो दिन में पांच घंटे से ज़्यादा पढ़ते हैं या टीवी, कंप्यूटर, वीडियो व मोबाइल गेम्स आदि पर रोज़ दो घंटे से ज़्यादा समय बिताते हैं।

# स्त्रियों में कुपोषण की समस्या



कुपोषण का अर्थ है पोषण की कमी। पोषण मिलता है उचित आहार-विहार द्वारा। जब अनुचित या मिथ्या आहार-विहार किया जाता है तो प्राय= शरीर में किसी न किसी पदार्थ की कमी होना स्वाभाविक है एवं उस पदार्थ की कमी विभिन्न लक्षणों के रूप में व्यक्त हो कर शरीर को रोगी बना देती है। कुपोषण स्त्री, पुरूष व बच्चे किसी में भी पाया जा सकता है। यहां हम चर्चा करेंगे स्त्रियों में कुपोषण की समस्या पर। आज यह एक ज्वलंत समस्या बन कर खड़ी है। बढ़ती महंगाई व बढ़ती जनसंख्या एवं घटते संसाधनों के कारण यह समस्या निरंतर दुखदायी बनती जा रही है। स्त्री चूंकि परिवार व समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ है- अत: उसका स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। रोगिणी या कमजोर स्त्री का परिवार कभी सुखी नहीं हो सकता। अत= यह समस्या केवल शारीरिक ही नहीं अपितु सामाजिक समस्या भी है। लक्षण = कुपोषण होने पर प्राय= शारीरिक कमजोरी, मानसिक अवसाद, खून की कमी, शरीर का पीला या सफेद पड़ना, आंखों के चारों ओर कालिमा होना, आंखें गड्ढे में धंसी दिखाई पड़ना, भूख की कमी, थोड़े प्रयास से भी श्वास चढ़ना, चक्कर आना, इसके अलावा किसी विशेष विटामिन या आयरन, प्रोटीन व मिनरल की कमी से होने वाले विशेष लक्षण दिखलाई पड़ते हैं। प्रोटीन की कमी के कारण मांसपोशियों का कमजोर होना और यकृत का ठीक से कार्य न करना, विटामिन ए की कमी से आंखों का कमजोर व बीमार होना पाया जाता है।

**विटामिन बी:**की कमी से विकार व नाड़ी विकार होते हैं।

**विटामिन सी:** की कमी होने पर विभिन्न अस्थि रोग होते हैं। इसी प्रकार अन्य अनेक रोगों से शरीर ग्रस्त हो जाता है।

**कारण:** कुपोषण के अनेक कारण हैं, इनमें से कुछ निम्न प्रकार से हैं। गरीबी, भुखमरी, अपर्याप्त भोजन लेना। गलत भोजन का चयन अर्थात् ऐसा भोजन जिसमें विटामिन-मिनरल या अन्य पोषक पदार्थों का अभाव हो अर्थात् असंतुलित भोजन। आवश्यकता से अधिक भोजन लेना अपच पैदा कर कुपोषण का कारण बनता है।

एक ही प्रकार के विटामिन की अधिकता युक्त भोजन लेना। प्राकृतिक विषमताजन्य पदार्थ जैसे वनस्पतियों के बीज, पीतल, अल्यूमीनियम के बर्तनों में पका खाना। कुसमय भोजन करना, भोजन के प्रति लापरवाही बरतना। सस्ते के चक्कर में नीम-हकीमों की सलाह लेना। गरीबी, ईष्या, घर की सफाई पर ध्यान देना। किसी दिमागी या शारीरिक रोग की वजह से भूख न लगना। कट्टर शाकाहारी होना।

नशेड़ी होना। गर्भावस्था के दौरान, स्तनपान के दौरान। कड़ा परिश्रम करने वालों में खासकर ठंडे प्रदेश में सामान्य खुराक पर्याप्त नहीं होती। कभी-कभी किन्हीं रोगों के कारण भी कुपोषण की समस्या उत्पन्न होती है। लंबी अवधि तक किसी शल्य कर्म के कारण ग्लूकोस का चढ़ना। लंबी अवधि तक एंटीबायोटिक लेने से आंतों के बैक्टीरिया की क्रियाशीलता का कम होना। नेफ्रोटिक सिंड्रोम में प्रोटीन का मूत्र द्वारा बाहर निकल जाना प्रोटीन की कमी का कारण बनता है। डायबिटीज में ग्लूकोज का अधिक मात्रा में मूत्र में आना।

अधिक माहवारी होना लौह तत्व की कमी का कारण बनता है। अतिसार या दस्त आना पोटेशियम की कमी करता है। इस प्रकार उपरोक्त कारणों में से कोई एक कारण भी कुपोषण पैदा कर सकता है। उपरोक्त लक्षणों की जानकारी हासिल कर लेने के पश्चात आप स्वयं भी इसका निर्णय कर सकते हैं कि कहीं आप कुपोषण से ग्रस्त तो नहीं हैं? घर की व घर के अन्य सदस्यों की देखभाल करने में स्त्रियां प्राय= अपनी स्वयं की ओर ध्यान नहीं दे पाती। काम निपटाकर हीं भोजन करने की प्रवृत्ति उन्हें रोगी बना सकती है परन्तु उन्हें अपनी इस आदत को त्यागकर अपना ध्यान अवश्य रखना चाहिए। ऐसा न हो कि कुपोषण का छोटा स्वरूप भी कहीं किसी गंभीर रोग में तब्दील हो जाए। यदि उपरोक्त एक भी लक्षण आपको स्वयं में दिखाई दे तो समय नष्ट किए बिना चिकित्सक से परामर्श लें व उचित उपचार में लापरवाही न बरतें।



# विक्की और रश्मिका ने 700 डांसर्स के साथ शूट किया गाना

मुंबई। पिछले कुछ समय से विक्की कौशल अपनी आगामी फिल्म 'छावा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान लक्ष्मण उतेकर ने संभाली है। इस फिल्म में विक्की की जोड़ी साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। दोनों सितारे इन दिनों फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। ताजा खबर यह है कि विक्की और रश्मिका ने हाल ही में 700 बैकग्राउंड डांसर्स के साथ फिल्म का एक गाना शूट किया है। कोरियोग्राफर ने जुटाए 1,500 लोग एक रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माताओं ने हाल ही में मुंबई में रायगढ़ किले का एक भव्य सेट बनाया।

## लाइफ Style

# जिया

## जल्द से जल्द शादी और 3 बच्चे चाहती हूं

'बिग बॉस ओटीटी 2' की जिया शंकर याद हैं? हां! वहीं जिन्होंने रितेश देशमुख की फिल्म 'वेड' में लीड रोल प्ले किया था। जिया ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में शादी और डेटिंग पर खुलकर बात की है। जिया ने बताया कि उन्हें हुकअप कल्चर से नफरत है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जिया ने ये भी कहा कि वह अब 30 साल की हो गई हैं और जल्द से जल्द शादी करना चाहती हैं। शादी पर बात करते हुए जिया ने कहा अब ऐसा हो गया है कि ज्यादा से ज्यादा 2 साल। अगर इन दो सालों में कोई नहीं मिला तो मम्मी को बोल दिया जाएगा कि मम्मी, अरेंज मैरिज का टाइम आ गया है मैं हूं वो लड़की जिसे शादी करनी है, जिसे परिवार चाहिए, जिसे तीन बच्चे चाहिए। जिया ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं हूं ओल्ड स्कूल। गलत जनरेशन, टाइम पर पैदा हो गई हूं मैं। ये हुकअप कल्चर कब आ गया? मुझे नफरत शब्द कहना पसंद नहीं है, लेकिन मुझे हुकअप कल्चर से नफरत है। मेरे से नहीं होता ये। तुमको एक लड़की धोखा दे गई तो मैं क्या करूं? मुझे भी धोखा मिला है तो क्या मैं भी लड़कों की। जिया ने कहा, "मैं अब 30 साल की हो गई हूं। मुझे अब टाइम पास नहीं करना है। मैं जब 20 साल की थी तब भी मुझे पता था कि मुझे क्या चाहिए क्योंकि मैं एक टूटे हुए परिवार से आती हूं इसलिए मुझे हमेशा से एक बड़ा परिवार, प्यार चाहिए। मुझे जॉइंट फैमिली बहुत पसंद है। मैं रहना चाहती हूं उसके परिवार के साथ, उन्हें प्यार करना चाहती हूं, उनसे प्यार लेना चाहती हूं।"



## हॉलीवुड मसाला

# 'हैरी पॉटर' फेम नहीं रहे



लॉस एंजिल्स। 'हैरी पॉटर' फिल्म में प्रोफेसर मिनर्वा मैकगोनागल के रूप में प्रशंसा हासिल करने वालीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैगी स्मिथ का निधन हो गया है। 89 वर्षीय स्मिथ ने शुक्रवार तड़के लंदन के एक अस्पताल में आखिरी सांस लेकर दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। इस दुखद खबर की जानकारी स्मिथ के बेटों, क्रिस लार्किन और टोबी स्टीफंस ने एक बयान जारी कर दी। अभिनेत्री के प्रशंसक उन्हें सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।



# 'बैलेरीना' का ट्रेलर हुआ जारी...

लॉस एंजिल्स। जॉन विक की दुनिया के बारे में जानने की इच्छा रखने वाले दर्शकों के लिए एक खुशखबरी है। 'फ्रॉम द वर्ल्ड ऑफ जॉन विकः बैलेरीना' का पहला ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म में अभिनेत्री एना डी आर्मस मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही कीनू रीव्स 'जॉन विक' की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म अगले साल 2025 में 6 जून को रिलीज होगी। ट्रेलर लांच के साथ ही मेकर्स ने बताया है कि 'जॉन विक अध्याय 3' पैराबेलम बैलेरीना की घटना ईव मैकारो को ही अपना आदर्श मानती है, जो रुस्का रोमा में अपना प्रशिक्षण शुरू कर रही है। ट्रेलर की बात करें तो अभिनेत्री एना डी आर्मस एक उभरता हुआ, छायादार, रहस्यमय लेकिन शक्तिशाली महिला किरदार हैं, जो न केवल बंदूक चलाना जानती हैं बल्कि सच की लड़ाई के लिए हर मुमकिन तरीके से लड़ना जानती हैं।




# 'उलझ' ने ओटीटी पर दी दस्तक...

मुंबई। जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसमें उनके काम को जमकर सराहा गया, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। लगभग 40 करोड़ रुपये की इस फिल्म ने 8.30 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 8.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब 'उलझ' को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया ने इस खबर की जानकारी देते हुए लिखा, 'ऐसी दुनिया में जहां हर शब्द झूठ है और हर कदम जोखिम भरा है, वह सत्य की खोज में कितनी दूर तक जाएगा। देखिए 'उलझ' अब नेटफ्लिक्स पर।' 'उलझ' का निर्देशन सुधांशु सरिया ने किया है।




# गरबा को बनाएगा खास नया गाना जचदी

मुंबई। आयुष्मान खुराना उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने इंडस्ट्री में अपनी मेहनत और अपने हुनर के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वह न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक शानदार गायक भी हैं। अब आयुष्मान ने अपना नया गाना 'जचदी' जारी कर दिया है, जिसे उनके प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। इस गाने में आयुष्मान की जोड़ी पहली बार ऋतिक रोशन की बहन और अभिनेत्री पश्मीना रोशन के साथ बनी है। आयुष्मान का नया गाना आपके नवरात्रि के त्योहार को और भी खास बना देगा। इस गाने में आयुष्मान और पश्मीना गरबा करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आ रही है। इस गाने को खुद आयुष्मान ने अपनी आवाज दी है।

## टीवी मसाला

# गरीबी में काटे दिन, 300 रुपए में अवॉर्ड बेचकर भरा था परिवार का पेट

नई दिल्ली। मशहूर कॉमेडियन सुदेश लहरी अपनी दमदार कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 'कॉमेडी सर्कस' और 'द कपिल शर्मा शो' जैसे शोज में अपनी बेहतरीन कॉमेडी का जलवा बिखेरा है और



अपने दम पर बड़ा मुकाम हासिल किया है लेकिन कभी ऐसा भी वक्त था जब सुदेश लहरी के पास खाने तक के लिए पैसे नहीं होते थे। एक बार तो उन्होंने अवॉर्ड 300 रुपए में बेचकर परिवार का पेट भरा था। यह खुलासा खुद सुदेश लहरी ने एक इंटरव्यू में किया था। एक इंटरव्यू में सुदेश लहरी ने बताया था कि पैसों की तंगी की वजह से उन्होंने अपना अवॉर्ड बेच दिया था। कॉमेडियन ने इवेंट ऑर्गेनाइजर से पूछा कि अवॉर्ड के बदले में उन्हें कितने रुपये मिलेंगे। जवाब में उन्हें 300-400 रुपये बताए गए, तो फिर उन्होंने अवॉर्ड बेच दिया और मिले पैसों से फैमिली के लिए खाने का बंदोबस्त किया था। इस घटना से समझा जा सकता है कि उस वक्त सुदेश लहरी किन हालातों से गुजर रहे थे।

### इस कॉमेडी शो ने बदल दी सुदेश लहरी की जिंदगी

'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज 3' में पार्टिसिपेट करने के बाद सुदेश लहरी की जिंदगी बदल गई। फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। सुदेश लहरी विनर लिस्ट में तीसरे स्थान पर थे, जबकि चंदन प्रभाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। वहीं, कपिल शर्मा 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज 3' के विनर का ताज अपने नाम किया था।

### कई फिल्मों मे काम कर चुके हैं सुदेश लहरी

इसके अलावा सुदेश लहरी कई फिल्मों में भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुके हैं। उन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म 'रेडी' में काम किया था। इसके बाद वह 'जय हो' का भी हिस्सा रहे। सुदेश लहरी 'टोटल धमाल', 'ग्रेट ग्रैंड मस्ती' सहित कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सुदेश लहरी तमिल फिल्म में भी नजर आ चुके हैं, जिसमें उन्होंने विक्रम प्रभु और रान्या राव के साथ काम किया था।

### 'लाफ्टर शेफ्स' में बिखेर रहे अपनी कॉमेडी का जलवा

इन दिनों सुदेश लहरी 'लाफ्टर शेफ्स' शो में अपनी कॉमेडी का जलवा बिखेर रहे हैं, जिसका कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, अली गोनी, कश्मीरा शाह, विक्की जैन और अंकिता लोखंडे समेत कई सितारे हिस्सा हैं।

# रणबीर ने अब तक इन फिल्मों के लिए जीते पुरस्कार, एक बनी 900 करोड़ी



मुंबई। अभिनेता रणबीर कपूर की अभिनय की कला विरासत में मिली है। उनके दादा राज कपूर से लेकर उनके पति ऋषि कपूर तक ने अभिनय की दुनिया में खूब नाम कमाया। रणबीर ने फिल्म 'सांवरिया' से बॉलीवुड में कदम रखा था और अपनी पहली ही फिल्म से वह दर्शकों के दिलों में घर कर गए थे। आइए आज जानते हैं कि रणबीर अपनी किन फिल्मों के लिए पुरस्कार जीत चुके हैं।

**'सांवरिया'**: निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'सांवरिया' से रणबीर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। फिल्म में उनकी हीरोइन थीं सोनम कपूर। यह फिल्म भले ही फ्लॉप हो गई, लेकिन रणबीर ने अपने अभिनय और अंदाज से दर्शकों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यही वजह है कि उन्हें आते ही फिल्मफेयर पुरस्कार अपने नाम कर लिया। रानी मुखर्जी और सलमान खान भी इस फिल्म का हिस्सा थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म मौजूद है।

**'वेकअप सिड', 'अजब प्रेम की गजब कहानी' और 'रॉकेट सिंह'**: रणबीर की 2009 में 3 फिल्में आईं। 'वेकअप सिड', 'अजब प्रेम की गजब कहानी' और 'रॉकेट सिंह'। इन तीनों फिल्मों के लिए रणबीर को बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मिला था। 'वेकअप सिड' में 18 करोड़ के बजट में बनी थी और इसने 47 करोड़ रुपये कमाए थे। उधर 35 करोड़ रुपये की लागत से बनी 'अजब प्रेम की गजब कहानी' ने 133 करोड़ तो 16 करोड़ रुपये के बजट में बनी 'रॉकेट सिंह' ने 33 करोड़ रुपये कमाए थे।

**'रॉकस्टार' और 'बर्फी'**: रणबीर की 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'रॉकस्टार' का 60 करोड़ रुपये के बजट में बनी और इसने 108 करोड़ रुपये कमाए थे। इसके बाद 2013 में आई उनकी फिल्म 'बर्फी' ने भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया था। इसमें प्रियंका चोपड़ा और इलियाना डिक्रूज उनके साथ थीं। फिल्म का बजट 35 करोड़ रुपये था और इसने 175 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इन दोनों फिल्मों के लिए रणबीर को बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था।

**'संजू' और 'एनिमल'**: फिल्म 'संजू' में रणबीर ने संजय दत्त का सफरनामा पर्दे पर उतारा था। 96 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 587 करोड़ रुपये कमाए थे। पिछले साल रणबीर फिल्म 'एनिमल' लेकर आए, जो उनके करियर की सबसे कमाऊ फिल्म बनी। 100 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 917 करोड़ रुपये कमाए थे। इन दोनों ही फिल्मों के लिए रणबीर ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता था।

# *कृति सैनन ने पहनी लाखों की ड्रेस, तस्वीरें हो रहीं वायरल...*

*मुंबई। अभिनेत्री कृति सैनन ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह बेहद स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रही हैं। तस्वीरों में कृति को काली रंग की खूबसूरत ड्रेस पहने हुए देखा जा सकता है, जिसकी कीमत लाखों में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कृति की इस ड्रेस की कीमत 3.59 लाख रुपये है। अभिनेत्री यह ड्रेस पहनकर बीते दिन मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुई थीं।*

***'दो पत्ती' में नजर आएंगी कृति*** *: काम के मोर्चे पर बात करें तो कृति को पिछली बार करीना कपूर और तब्बू के साथ फिल्म 'क्रू' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। अब कृति फिल्म 'दो पत्ती' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। यह फिल्म कृति के होम प्रोडक्शन 'ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स' की पहली फिल्म है। इस फिल्म में कृति के साथ अभिनेत्री काजोल भी मुख्य भूमिका में होंगी।*



## 30 करोड़ की कमाई करने वाली 'अधुर्स' अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद

# 'देवरा' से पहले भी जूनियर एनटीआर कई फिल्मों में कर चुके हैं डबल रोल

मुंबई। इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार 'देवरा' रिलीज हो गई है और इसी के साथ एक बार फिर जूनियर एनटीआर चारों ओर वाहवाही लूट रहे हैं। ज्यादातर दर्शकों और समीक्षकों का मानना है कि पूरी फिल्म उन्होंने ही अपने कंधों पर ढोई है, क्योंकि जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान को ज्यादा स्क्रीन स्पेस नहीं मिला है। फिल्म में एनटीआर ने पिता और बेटे की भूमिका निभाई है। आइए जानें इससे पहले उन्होंने किन फिल्मों में डबल रोल किए।

### 'अंधरावाला'

यह तेलुगु एक्शन फिल्म 2004 में रिलीज हुई थी। पुरी जगन्नाथ ने इस फिल्म का निर्देशन किया था और इसकी कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी। इससे पहले एनटीआर निर्देशक एसएस राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सिम्हाद्री' में दिख थे। लिहाजा 'अंधरावाला' से दर्शकों की उम्मीदें बढ़े गई थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी



तरह फेल हो गई। फिल्म में एनटीआर ने मुन्ना और शंकर पहलवान नाम के 2 किरदार निभाए थे। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म सन एनएक्सटी पर है।

### 'अधुर्स'

'अंधरावाला' के बाद अपने करियर में एनटीआर ने दूसरी बार डबल रोल फिल्म 'अधुर्स' में किया था। यह फिल्म 2010 में दर्शकों के बीच आई थी। वीवी विनायक ने इस एक्शन कॉमेडी फिल्म का निर्देशन किया था। इसमें एनटीआर के एक किरदार का नाम था नरसिंह और दूसरे का नाम था चारी। 30 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।

### 'शक्ति'

साल 2011 में आई 'शक्ति 'एनटीआर के करियर की तीसरी फिल्म थी, जिसमें उन्होंने डबल रोल किया था। मेहर रमेश फिल्म के निर्देशक थे। इसमें एनटीआर ने शक्ति स्वरूप और रूद्रा 2 किरदार निभाए थे। इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरा हाल हुआ था। इलियाना डिक्रूज, विद्युत जामवाल, पूजा बेदी , जैकी श्रॉफ और सोनू सूद भी इसका हिस्सा थे। 350 करोड़ रुपये में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर केवल 35 करोड़ रुपये ही बटोर पाई थी।

### 'जय लव कुश'

एनटीआर ने फिल्म 'जय लव कुश' में 3 अलग-अलग किरदार निभाए। उनकी एक भूमिका जय नाम के गैंगस्टर की थी तो एक लव कुमार नाम के बैंक मैनेजर की थी और एक भूमिका का नाम था कुश, जो चोरी करने में माहिर था। रोनित रॉय और राशि खन्ना भी इस फिल्म का हिस्सा थीं। 45 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 130 से 150 करोड़ रुपये कमाए थे। जी5 और डिज्नी+हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### त्योहारी मांग से बीते सप्ताह तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** महंगा होने की वजह से कम आयात के कारण आपूर्ति घटने के बीच त्योहारी मांग बढ़ने से देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल जैसे सभी तेल-तिलहन के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए।

### बाजार पूंजीकरण में एसबीआई रिलायंस रही सबसे आगे




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,21,270.83 करोड़ रुपये का उछाल आया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,027.54 अंक या 1.21 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### जुलाई, अगस्त 2017 के लिए जीएसटी रिटर्न के आंकड़े बहाल




**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रविवार को कहा कि जुलाई और अगस्त, 2017 के मासिक रिटर्न के आंकड़े पोर्टल पर बहाल कर दिए गए हैं। ये जीएसटी लागू होने के शुरुआती महीने थे। जीएसटीएन ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अपनी आंकड़ा नीति को लागू कर रहा है, जिसके अनुसार करदाताओं के आंकड़े केवल सात साल के लिए ही रखे जाएंगे।

### स्कोप को पांच करोड़ डॉलर का वीसीएफ लाने मंजूरी



**नई दिल्ली।** स्टार्ट-अप नेटवर्किंग मंच स्कोप को पांच करोड़ डॉलर का उद्यम पूंजी कोष (वीसीएफ) पेश करने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बताया कि इस कोष से भारत और अमेरिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्तीय प्रौद्योगिकी और गेमिंग क्षेत्र में उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप में निवेश किया जाएगा।

### लघु वित्त बैंक जोखिम कम करने के लिए सतर्क



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने लघु वित्त बैंकों से जोखिम कम करने के लिए सतर्क रहने को कहा। ऐसे उपाये किए जाने चाहिए जिससे जोखिम समय रहते कम हो जाएं। उद्घाटन करने के बाद स्वामीनाथन ने कहा कि एसएफबी की सतत वृद्धि की दिशा में संचालन व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### जोमैटो की सह-संस्थापक आकृति चोपड़ा का इस्तीफा

zomato

**नई दिल्ली।** रेस्तरां से खाना मंगाने का ऑनलाइन मंच जोमैटो की सह-संस्थापक एवं मुख्य जन अधिकारी आकृति चोपड़ा ने इस्तीफा दे दिया है। आकृति ने अपने अन्य हितों को आगे बढ़ाने के लिए इस्तीफा दिया है। उनका इस्तीफा 27 सितंबर, 2024 से प्रभावी हो चुका है। वह 13 वर्षों तक कंपनी के साथ रहीं। इस दौरान उन्होंने जोमैटो के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में अपनी पिछली भूमिका में कानूनी और वित्त टीमों की स्थापना और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# भारत पर्याप्त रोजगार का सृजन नहीं कर रहा : रघुराम राजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- देश में निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। इसका अंदाजा कुछ राज्यों में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या से लगाया जा सकता है।

राजन ने सुझाव दिया कि सरकार को रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। राजन ने आगे कहा कि कुछ भारतीय विशेष रूप से उच्चस्तर पर, संतोषजनक स्थिति में हैं और उनकी आमदनी अधिक है। लेकिन निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है और यह कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच पाई है।

### पूर्व आरबीआई गवर्नर ने सुझाव दिया सरकार श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा दे

#### पूंजी गहन उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे

पूर्व गवर्नर ने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है...आप सोचेंगे कि सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम बहुत सारी नौकरियां पैदा करेंगे। लेकिन अगर आप हमारी विनिर्माण वृद्धि को देखें, तो यह अधिक पूंजी गहन है।' उनसे जब पूछा गया था कि क्या सात प्रतिशत से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था पर्याप्त रोजगार पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि पूंजी-गहन उद्योग अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन श्रम-गहन उद्योगों के साथ ऐसी बात नहीं है।



#### सरकारी नौकरियों के लिए आवेदनों की संख्या बहुत अधिक

आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा, "निचले स्तर पर सब ठीक नहीं चल रहा है। मुझे लगता है कि नौकरियों की सख्त जरूरत है। और आप इसे देख सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों को भूल जाइए। अमेरिका स्थित शिकॉगो बूथ में वित्त के प्रोफेसर राजन ने कहा, "आप इसे सरकारी नौकरियों के लिए आवेदनों की संख्या में देख सकते हैं, जो बहुत अधिक हैं।"

*निजी क्षेत्र का निवेश घटना थोड़ा रहस्यपूर्ण : यह पूछे जाने पर कि पूंजीगत व्यय में निजी क्षेत्र अब भी क्यों पिछड़ रहा है, राजन ने कहा कि यह थोड़ा रहस्यपूर्ण है। जब आप पूंजी उपयोग (निजी क्षेत्र का) देखते हैं, तो यह लगभग 75 प्रतिशत है...ऐसा लगता है कि मांग उस बिंदु तक नहीं पहुंच पाई है जहां उन्हें लगता है कि इस तरह का निवेश करने की जरूरत है।*

#### अप्रेंटिसशिप योजना का स्वागत

राजन ने कहा कि मध्यम अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इस वर्ष के बजट में वित्त मंत्री द्वारा घोषित 'अप्रेंटिसशिप' योजनाओं का राजन ने स्वागत किया, लेकिन साथ ही कहा कि हमें उसपर बहुत बारीकी से नजर रखनी होगी, देखना होगा कि क्या काम करता है, और जो काम करता है उसका और अधिक विस्तार करना होगा।''

### सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने 27 सितंबर के आदेश के जरिए यह मंजूरी दी

# वायकॉम18-डिज्नी के मर्जर पर स्टार इंडिया को सरकार से मिली लाइसेंस ट्रांसफर की मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की मीडिया इकाइयों के गैर-समाचार और समसामयिक विषयों के टीवी चैनल से संबंधित लाइसेंस को स्टार इंडिया को हस्तांतरित करने को मंजूरी दे दी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीवी18 ब्रॉडकास्ट द्वारा शेयर बाजारों को दी गई जानकारी के अनुसार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 27 सितंबर के आदेश के जरिये यह मंजूरी दी है।

'सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 27 सितंबर, 2024 के अपने आदेश के माध्यम से स्टार इंडिया के पक्ष में वायकॉम18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के गैर-समाचार और समसामयिक विषयों के टीवी चैनल से संबंधित लाइसेंस को हस्तांतरित करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। यह भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन होगा।

#### एनसीएलटी ने पहले ही विलय की मंजूरी दे दी थी

वायकॉम18 एक होल्डिंग कंपनी है जो रिलायंस इंडस्ट्रीज और बोधि ट्री सिस्टम्स के मीडिया और मनोरंजन कारोबार का स्वामित्व रखती है। अब दोनों पक्ष विलय के अंतिम चरण में हैं और सीसीआई के निर्देशों के अनुरूप अपने कारोबार में कुछ समायोजन कर रहे हैं। गत 30 अगस्त को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की मीडिया और मनोरंजन परिसंपत्तियों का स्वामित्व रखने वाली वायकॉम18 मीडिया और डिजिटल18 मीडिया के स्टार इंडिया के साथ विलय की योजना को मंजूरी दे दी थी।




#### समूह का मूल्यांकन 70,000 करोड़ रुपए का होगा

इस योजना में वायकॉम18 और जियो सिनेमा से संबंधित मीडिया परिचालन को डिजिटल18 में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव था, जो वायकॉम18 की अनुषंगी कंपनी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और द वॉल्ट डिज्नी कंपनी की मीडिया परिसंपत्तियों के विलय से देश का सबसे बड़ा मीडिया समूह बनेगा, जिसकी मूल्यांकन 70,000 करोड़ रुपये से अधिक होगा।

- मंजूरी भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन होगी
- विलय के बाद रिलायंस का मीडिया ग्रुप देश का सबसे बड़ा मीडिया ग्रुप बनेगा

#### नीता अंबानी संयुक्त उद्यम की प्रमुख होगी

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नेटफ्लिक्स और जापान की सोनी जैसी प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करने के लिए संयुक्त उद्यम में करीब 11,500 करोड़ रुपये के निवेश पर भी सहमति व्यक्त की है। आरआईएल के चेयरमैन मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी संयुक्त उद्यम की प्रमुख होंगी, जबकि उदय शंकर इसके वाइस-चेयरपर्सन होंगे।




#### आरआईएल व सहयोगी की हिस्सेदारी 63 फीसदी होगी

इस सौदे के तहत, मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली आरआईएल और उसके सहयोगी संयुक्त इकाई में 63.16 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेंगे, जिसमें दो स्ट्रीमिंग सेवाएं और 120 टेलीविजन चैनल होंगे। वहीं वॉल्ट डिज्नी के पास इस सामूहिक इकाई में शेष 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। यह देश की सबसे बड़ी मीडिया कंपनी होगी।

#### सौदे में स्वैच्छिक संशोधनों का खुलासा नहीं किया

इससे पहले सीसीआई ने कहा था कि उसने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, वायकॉम18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, डिजिटल18 मीडिया लिमिटेड, स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) और स्टार टेलीविजन प्रोडक्शंस लिमिटेड (एसटीपीएल) के संयोजन के प्रस्ताव को स्वैच्छिक संशोधनों के अनुपालन के अधीन मंजूरी दे दी है। हालांकि, सीसीआई ने दोनों पक्षों द्वारा किए गए मूल सौदे में स्वैच्छिक संशोधनों का खुलासा नहीं किया।

# एलएंडटी सेमीकॉन में दो साल में जल्द शुरू होगा चिप उत्पादन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कंपनी 15 समानांतर उत्पाद डिजाइनों को संभालने में सक्षम होगी

फैबलेस चिप कंपनी एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज को उम्मीद है कि उसके डिजाइन किए गए सेमीकंडक्टर उत्पादों का निर्माण अगले दो साल में शुरू हो जाएगा।

एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संदीप कुमार ने कहा कि कंपनी विभिन्न सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों के लिए पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर से एक अरब डॉलर की सीमा में राजस्व हासिल करने की क्षमता होने पर अपना चिप निर्माण संयंत्र स्थापित करेगी। सीईओ ने कहा कि कंपनी लगभग 15 विभिन्न उत्पादों को समानांतर रूप से संभालने के लिए टीम बना रही है। इस संबंध में करीब आधा काम किया जा चुका है। कुमार ने कहा, ''अगले छह महीनों में हमारे पास पूरी ताकत होगी।

इस साल के अंत तक, हम 15 समानांतर उत्पाद डिजाइनों को संभालने में सक्षम होंगे।

#### छह उत्पादों का डिजाइन पहले ही शुरू हो चुका

हमारे पास आधी टीम तैयार है, इसलिए लगभग छह उत्पाद डिजाइन पहले ही शुरू हो चुके हैं। वे डिजाइन अगले साल के अंत तक पेश होंगे। आज से दो साल में उत्पादन शुरू हो जाएगा।" उन्होंने कहा कि कंपनी का मानना है कि देश में विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करने के लिए फैबलेस चिप फर्म के रूप में शुरुआत करना महत्वपूर्ण है।

### स्टर्लिंग विल्सन के प्रवर्तकों ने 7.14 फीसदी हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी के प्रवर्तकों- शापूरजी पालोनजी और खुर्शीद यजदी दारूवाला ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिए कंपनी में 7.14 फीसदी हिस्सेदारी 1,040 करोड़ रुपये में बेच दी। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी में 1.35 करोड़ शेयर बेचे, जो 5.78 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं। समाधान प्रदाता कंपनी में 31.50 लाख शेयर यानी 1.35 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची।

# जमा बढ़ाने के लिए नए उत्पाद लाने की तैयारी में एसबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- बैंक के चेयरमैन शेट्टी ने कहा, आवर्ती जमा व एसआईपी लाने पर विचार जारी
- ग्राहक अब वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए बैंक आवर्ती जमा और एसआईपी के संयुक्त उत्पाद सहित नवोन्मेषी उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है।

शेट्टी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की प्रगति के साथ, ग्राहक वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे हैं, और उन्होंने नवीन निवेश साधनों की तलाश शुरू कर दी है। शेट्टी ने कहा कि आज ग्राहक मूल्य प्रस्ताव पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वित्तीय साक्षरता बढ़ रही है और परिसंपत्ति आवंटन की अवधारणा को अधिक महत्व मिलेगा। चेयरमैन ने बातचीत में कहा, "जाहिर है, कोई भी व्यक्ति जोखिम वाली परिसंपत्ति में अपना सब कुछ नहीं लगाना चाहता...बैंकिंग उत्पाद हमेशा इसका हिस्सा रहेंगे। इसलिए, हम ऐसे उत्पाद लाने की कोशिश कर रहे हैं जो उन्हें आकर्षित करें।" एसबीआई चेयरमैन ने कहा, "हम कुछ पारंपरिक उत्पादों जैसे आवर्ती जमा, जो वास्तव में एक पारंपरिक एसआईपी है, में नवीनता लाने का प्रयास कर रहे हैं... हो सकता है, हम सावधि जमा/आवर्ती जमा और एसआईपी दोनों को मिलाकर एक संयुक्त उत्पाद दे सकें जो डिजिटल रूप से सुलभ हो सके।"

#### एसबीआई हर उपभोक्ताओं तक पहुंचने का प्रयास कर रहा

शेट्टी ने कहा, "जैसा कि मैंने कहा, हमारे लिए जमा जुटाना एक फ्रेंचाइजी का काम है। हमारे पास देशभर में सबसे ज्यादा संख्या में भौतिक शाखाएं हैं। हम पहुंच कार्यक्रम शुरू करके अपनी विशाल भौतिक पहुंच का लाभ उठा रहे हैं, जहां ग्राहकों से संपर्क किया जाता है। आज, एसबीआई की ओर से हर उपभोक्ता तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है, चाहे वे मौजूदा ग्राहक हों या नए ग्राहक।"

### पीएनबी ने शेयर जारी कर 5000 करोड़ रुपए जुटाए...




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने पात्र संस्थागत निवेशकों (क्यूआईपी) को इक्विटी शेयर जारी कर 5,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पीएनबी ने बयान में कहा कि उसने 103.75 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर लगभग 48.19 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित किए। यह आवंटन 109.16 रुपये प्रति शेयर के आधार मूल्य से 4.96 प्रतिशत की छूट पर था। बैंक ने कहा कि उसका क्यूआईपी निर्गम 23 से 26 सितंबर, 2024 तक अभिदान के लिए खुला था। पीएनबी ने कहा, "बैंक को क्यूआईपी निर्गम के लिए म्यूचुअल फंड, एफपीआई, बीमा कंपनियों आदि सहित पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) से 41,734 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं, जो 2,500 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार का 16.7 गुना और 5,000 करोड़ रुपये के कुल निर्गम आकार का 8.3 गुना है।"

# आसुस का भारत में शीर्ष पीसी ब्रांड बनने का लक्ष्य

- कंपनी आक्रामक तरीके से कर रही है विस्तार
- खुदरा बाजार में आक्रामक रूप से विस्तार की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस का लक्ष्य दो साल में 25-30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत का शीर्ष पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) ब्रांड बनने का है। कंपनी इसके लिए खुदरा बाजार में आक्रामक रूप से विस्तार की योजना बना रही है।

आसुस इंडिया के सिस्टम बिजनेस समूह के उपाध्यक्ष (उपभोक्ता एवं गेमिंग पीसी) अर्नोल्ड सु ने कहा कि आसुस ने भारत में अपनी बाजार हिस्सेदारी 2017 में 6.3 प्रतिशत से तीन गुना बढ़ाकर 2023 में 17.8 प्रतिशत कर ली है। इसके साथ ही यह देश में दूसरे नंबर का उपभोक्ता नोटबुक ब्रांड बन गया है। सु ने बातचीत में कहा, "हमें बाजार हिस्सेदारी को तीन गुना करने में छह साल लग गए। हमारा लक्ष्य आने वाले दो साल में पहले नंबर का ब्रांड बनना है। ...और इसके लिए, हमारी बाजार हिस्सेदारी 25-30 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए।" सु ने कहा, "हम अपने खुदरा केंद्रों का आक्रामक रूप से विस्तार करना जारी रखेंगे।

# वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- विदेशी निवेशकों की गतिविधियां का बाजार में होगा अहम रोल
- गांधी जयंती पर दो अक्टूबर को बाजार रहेगा बंद

**बीते सप्ताह बाजार 1000 अंक से अधिक बढ़ा**

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,027.54 अंक या 1.21 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 388 अंक या 1.50 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को सेंसेक्स ने दिन में कारोबार के दौरान 85,978.25 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ।

वैश्विक रुझान, विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े इस पारंपरिक रूप से छुट्टियों वाले सप्ताह के दौरान शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

बुधवार यानी दो अक्टूबर को 'गांधी जयंती' के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''आगे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह की निगरानी करना रोचक होगा। इस साल सितंबर में भारतीय शेयर बाजार में सबसे ज़्यादा एफआईआई प्रवाह देखने को मिला है। जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका के डॉलर सूचकांक और वहां के वृहद आर्थिक आंकड़ों से भी बाजार को दिशा मिलेगी। मीणा ने कहा, ''इस साथ ही भू-राजनीतिक घटनाक्रम वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण कारक बने रहेंगे।

# सरकार अगले महीने उद्योग से करेगी सुझाव आमंत्रित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद
- निजी क्षेत्र व कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है। बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी।

एक सूत्र ने बताया, ''उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने के लिए सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। एक अन्य सूत्र ने बताया कि यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने के लिए नहीं है।

#### पुराने बेकार पड़ चुके प्रावधानों को हटाया जाएगा

सूत्र ने कहा, "पुराने बेकार पड़ चुके प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।" जुलाई में पेश किए गए 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्ताव दिया था कि आयकर कानून की समीक्षा छह महीने में पूरी हो जाएगी।

#### समयसीमा जनवरी में समाप्त हो रही

यह देखते हुए कि छह महीने की समयसीमा जनवरी में समाप्त हो रही है, व्यापक रूप से उम्मीद है कि संशोधित आयकर अधिनियम संसद के बजट सत्र में लाया जा सकता है। एक अन्य सूत्र ने कहा कि चूंकि कानून में कोई नया बदलाव अपेक्षित नहीं है, इसलिए संशोधित अधिनियम वित्त विधेयक, 2025 का भी हिस्सा बन सकता है।

### अक्टूबर-नवंबर में आधा दर्जन से अधिक कंपनियों के आईपीओ आएंगे

# कंपनियां दो माह में आईपीओ से 60 हजार करोड़ जुटाएंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- इसमें हुंडई मोटर, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी शामिल

अगले दो माह में हुंडई मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियां लगभग 60,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही हैं।

इससे आईपीओ बाजार में हलचल बनी रहेगी। इन तीन कंपनियों के अलावा एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, व मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन उन कंपनियों में हैं, जो अक्टूबर-नवंबर के दौरान आईपीओ लाने की तैयारी में हैं। ये कंपनियां मिलकर आईपीओ से 60,000 करोड़ रुपये तक जुटा सकती हैं।

#### एनटीपीसी ग्रीन का आईपीओ नवंबर के पहले सप्ताह में

इसके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी नवंबर के पहले सप्ताह में अपना 10,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना बना रही है। शापूरजी पालोनजी समूह की निर्माण कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर भी 7,000 करोड़ रुपये की पेशकश के साथ आईपीओ की होड़ में शामिल होगी।




*दिसंबर तक 30 से अधिक आईपीओ आएंगे : इक्विरास के प्रबंध निदेशक और प्रमुख (इक्विटी कैपिटल मार्केट्स) मुनीश अग्रवाल को उम्मीद है कि सितंबर के अंत से दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे। ये आईपीओ विभिन्न क्षेत्रों और आकार के होंगे। इनमें नए शेयर जारी किए जाएंगे और बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी।*

#### स्विगी 3750 करोड़ का आईपीओ लाएगी

स्विगी नए शेयरों की बिक्री और ओएफएस के जरिये 10,414 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य बना रही है। स्विगी के आईपीओ में 3,750 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और 6,664 करोड़ रुपये के 18.52 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल होगी।

#### हुंडई का आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ होगा

दक्षिण कोरिया की हुंडई मोटर कंपनी की भारतीय अनुषंगी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड आईपीओ से 25,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। यह देश का अबतक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। यह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के आंकड़े को पार कर सकता है।

हरियाणा के बादशाहपुर में जनसभा में शाह का बड़ा ऐलान

# राहुल गांधी झूठ बोलने की मशीन, भाजपा सरकार देगी हर अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी, किसी भी नागरिक को डरने की जरूरत नहीं

*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा के बादशाहपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर बरसे, उन्हें सबसे झूठा आदमी करार दिया। शाह ने कहा कि अग्निवीर योजना केवल और केवल हमारी सेना को जवान बनाए रखने के लिए बनाई गई है। शाह ने कहा कि इस शीत सत्र में वक्फ बोर्ड कानून में सुधार करने का काम होगा।*

एजेंसी ⏭ बादशाहपुर

हरियाणा के बादशाहपुर में एक जनसभा के दौरान अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता 'राहुल बाबा' झूठ बोलने की मशीन हैं। वे कह रहे हैं अग्निवीर योजना इसलिए लाई गई क्योंकि सरकार उन्हें पेंशन वाली नौकरी नहीं देना चाहती। अग्निवीर योजना केवल और केवल हमारी सेना को जवान बनाए रखने के लिए बनाई गई।

**कांग्रेस केवल झूठ बोलकर भ्रम फैला रही**

गृहमंत्री शाह ने कहा कि मैं आज कहकर जाता हूं हरियाणा की माताओं को बहनों को अपने नौनिहालों को सेना में भेजते वक्त मत झिझकिएगा। हरियाणा के एक-एक अग्निवीर को हरियाणा सरकार और भारत सरकार पेंशन वाली नौकरी देने वाली है। मैं यह भी कहकर जाता हूं पांच साल के बाद कोई अग्निवीर ऐसा नहीं होगा, जिसके पास पेंशन वाली नौकरी नहीं होगी। किसी को डरने की जरूरत नहीं है। शाह ने यह भी कहा कि वक्फ बोर्ड कानून को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस शीत सत्र में वक्फ बोर्ड कानून को सुधार कर सीधा करने का काम करेंगे।

सीधे मैदान से



### पिताजी, आपकी उम्र हो गई..मैं सीएम बनूंगा

*हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों एक दूसरे पर हमलावर हैं। इसी बीच गृहमंत्री शाह भी अपनी रैलियों में कांग्रेस के नेताओं साध रहे हैं। इसी बीच वे भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में बादशाहपुर विधानसभा और इंद्री विधानसभा में भी रैली की और हुड्डा परिवार पर हमले किए। उन्होंने कहा कि एक कहावत है एक अनार और 100 बीमार'! कांग्रेस की ऐसी ही स्थिति हो गई है। हुड्डा कहते हैं- मैं मुख्यमंत्री बनूंगा, लेकिन उनके युवराज भी तैयार हैं और कह रहे हैं- पिताजी आपकी उम्र हो गई है, मैं मुख्यमंत्री बनूंगा।*

### दो लाख युवाओं को हमने बिना खर्ची पर्ची नौकरियां दी

*शाह की करनाल के इंद्री विधानसभा क्षेत्र के कुंजपुरा गांव में जन आशीर्वाद रैली का आयोजन हुआ। यहां शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा और भाजपा के काम गिनवाए। उन्होंने क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशियों को जीताने की अपील की।शाह ने कहा कि एक ही जाति का एक विकास होता था, एक ही इलाके का विकास होता था। शाह ने दावा किया कि हमने दो लाख युवाओं को बिना खर्ची पर्ची नौकरी दी। उन्होंने कहा कि हमने केवल रोहतक में नहीं पूरे प्रदेश में काम किया, सिर्फ एक जाति का नहीं छत्तीस बिरादरी का काम किया।*

बादशाहपुर में बोले केजरीवाल

## आप के समर्थन के बिना नहीं बनेगी किसी की सरकार



हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार के तहत आप नेता अरविंद केजरीवाल रविवार को गुरुग्राम के बादशाहपुर पहुंचे। वहां उन्होंने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी बीर सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान केजरीवाल ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार आम आदमी पार्टी के सहयोग के बिना किसी की सरकार नहीं बनने वाली। हरियाणा में सरकार हम ही बनाएंगे।

### पीएम मोदी मुझे रोकना चाहते हैं, इसलिए मुझे जेल में डाला

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा और पीएम मोदी आम आदमी पार्टी के नेताओं से डरते हैं। पीएम मोदी ने सोचा था कि केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में सरकार बना ली है। गुजरात और गोवा में विधायक हैं, अब हरियाणा में सरकार बनाएंगे, इसलिए पीएम मोदी मुझे रोकना चाहते हैं। पीएम मोदी ने मुझे जेल भेजकर पार्टी को तोड़ने की कोशिश की। मैं पांच महीने जेल में रहा, इंसुलिन की इंजेक्शन लगाने पर रोक लगा दी। फिर भी ये मेरी हिम्मत को तोड़ नहीं पाए। मैं हरियाणा का हूं और हरियाणा वालों की हिम्मत कोई तोड़ नहीं सकता। केजरीवाल ने कहा कि आप देश के प्रधानमंत्री हो, आपके पास बहुत पैसा है, आपको 5000 मोहल्ला क्लीनिक बनाने चाहिए। यह ठीक नहीं है कि आप केजरीवाल के 500 मोहल्ला क्लीनिक बंद करना चाहते हैं। केजरीवाल ने दिल्ली में 700 स्कूल बनाए। अगर पीएम पूरे भारत में 7000 स्कूल बना दें तो उनकी तारीफ होगी। केजरीवाल को जेल में डालना चाहते हैं।

## सीट बंटवारे पर शरद पवार का बड़ा बयान

### विपक्षी गठबंधन को सत्ता में आने का प्रयास करना होगा



एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि महा विकास आघाड़ी आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर अपनी बातचीत 8 से 10 दिन में पूरी कर लेगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को राज्य में किसी भी कीमत पर सत्ता में आने का प्रयास करना होगा। पार्टी छोड़ने वालों पर निशाना साधते हुए पवार ने दावा किया कि उनमें से मुट्ठी भर लोग भी राज्य विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएंगे।

### जीतने की क्षमता ही एकमात्र योग्यता

शरद ने पुणे के बारामती शहर में अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए चुनाव नवंबर के मध्य में होने की संभावना है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उम्मीदवारों के चयन के लिए जीतने की क्षमता ही एकमात्र योग्यता होगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन में समायोजन और लचीला दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। एमवीए में एनसीपी (एसपी), कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। पवार ने कहा कि आप सभी सीटों पर चुनाव नहीं लड़ सकते और आपको अन्य दो सहयोगियों को भी उम्मीदवार उतारने की अनुमति देनी होगी और आपको उनके लिए भी काम करना होगा। हमें किसी भी कीमत पर अपनी सरकार बनानी होगी। उन्होंने कहा कि तीनों एमवीए सहयोगी किसी भी सीट के लिए उम्मीदवार के संदर्भ में पार्टी कार्यकर्ताओं की राय लेंगे। पवार ने कहा कि प्रत्येक तालुका में उम्मीदवारों को लेकर सर्वेक्षण किया जा रहा है।

## गुप्ता का महबूबा पर निशाना

### बांग्लादेश में हिंदुओं का कत्लेआम होता है, तब...



इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जंग जारी है। इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने हिजबुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह को ढेर कर दिया है। हिजबुल्लाह प्रमुख की मौत पर पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने रविवार को अपने चुनाव प्रचार को भी एक दिन के लिए रोक दिया है। वहीं अब इसको लेकर भाजपा ने महबूबा मुफ्ती पर निशाना साधा है।पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती के बयान पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता कविंदर गुप्ता ने कहा कि नसरल्लाह की मौत से मुफ्ती को दुख क्यों होता है? जब बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमला होता है और उन्हें मार डाला जाता है तो वे चुप्पी साधे हुईं थीं। ये घड़ियाली आंसू हैं और लोग उनकी मंशा समझते हैं।

राहुल ने बताई शक्ति की ताकत

## राजनीति में समानता और न्याय के लिए महिलाओं की जरूरत



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को कांग्रेस के शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं को जानकारी दी। राहुलने कहा कि राजनीति में सच्ची समानता और न्याय के लिए महिलाओं की अधिक आवश्यकता है। जो महिलाएं राजनीति में बदलाव लाना चाहती हैं, वे शक्ति अभियान का हिस्सा बनें। इसके जरियए वह महिलाओं के हित के लिए समान स्थान बना सकती हैं। राहुल ने एक्स पर पोस्ट किया कि एक साल पहले हमने राजनीति में महिलाओं की आवाज को बढ़ाने के लिए मिशन के साथ इंदिरा फेलोशिप शुरू की थी। यह पहल अब महिला नेतृत्व के लिए एक शक्तिशाली आंदोलन बन गई है। सच्ची समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की आवश्यकता है। मिशन आधी आबादी, पूरा हक इस मुद्दे के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। राहुल ने कहा कि मैं उन सभी महिलाओं से आग्रह करता हूं जो वास्तविक बदलाव लाने के लिए उत्साहित हैं, वे शक्ति अभियान में शामिल हों और महिला केंद्रित राजनीति में सक्रिय भागीदार बनें। इसमें शामिल होकर आप मजबूत जमीनी स्तर के संगठनों के निर्माण और सार्थक बदलाव लाने में योगदान दे सकती हैं।

**खबर संक्षेप**

### लेप्टोस्पायरोसिस संक्रमण का शिकार हो गए मान



**लुधियाना।** पंजाब के सीएम भगवंत मान लेप्टोस्पायरोसिस नामक बैक्टीरियल संक्रमण का शिकार हो गए हैं। उन्हें मोहाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे फिलहाल ठीक हैं। उन्हें एंटीबायोटिक्स उपचार दिया जा रहा है। बुखार की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां लक्षण दिखने के बाद खून की जांच की गई। टेस्ट रिपोर्ट में वह संक्रमित पाए गए हैं। हालांकि वे स्वस्थ हैं।

### 'डॉक्टर्स' के बीच कांग्रेस अध्यक्ष का विरोध



**कोलकाता।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष शुभंकर सरकार और पार्टी के कई अन्य नेताओं का रविवार को प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स के विरोध का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की और 'वापस जाओ' के नारे लगाए। पिटाई के विरोध में उत्तर 24 परगना के सरकारी अस्पताल सागर दत्ता अस्पताल के डॉक्टर्स विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में एक महीने में दूसरी बार वंदे भारत ट्रेन पर पथराव हुआ है। विशाखापट्टनम से दुर्ग जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर शनिवार रात को पथराव किया हुआ। इससे वंदे भारत ट्रेन की कोच ई-2 के सीट नंबर 34-35 की खिड़की टूट गई। रेलवे ने बताया है कि ट्रेन जब रात साढ़े नौ बजे के करीब खरियार रोड स्टेशन पहुंच रही थी, तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने खिड़की पर पथराव शुरू कर दिया। बताया जा रहा कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

'मन की बात' के 10 साल को पीएम मोदी ने बताया अहम

# भारत को अपनी 4 हजार पुरानी विरासत पर गर्व झांसी की 'जल सहेलियों' की जमकर तारीफ की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 114वें एपिसोड में कई पहलुओं पर चर्चा की। इस दौरान मोदी ने कहा कि हमारी यात्रा को 10 साल हो चुके हैं। यह कार्यक्रम विजयादशमी के दिन शुरू हुआ था। 10 साल पूरे होने के समय नवरात्रि का पहला दिन होगा। मन की बात के कई पड़ाव हैं जिन्हें मैं भूल नहीं सकता।

मोदी ने कहा कि हम सभी को अपनी विरासत पर गर्व है। अमेरिकी सरकार ने भारत को करीब 300 कलाकृतियों को वापस दिया है। इनमें से कुछ 4 हजार साल पुरानी हैं। इसकी चर्चा भी हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि इस मन की बात की यात्रा के दौरान कई ऐसे साथी हैं, जिनका निरंतर सहयोग मिलता रहा है। एक धारणा ऐसी घर कर गई थी कि जब तक चटपटी नकरात्मक बातें न हों तब तक उसे तवज्जो नहीं मिलती। मन की बात ने इसे गलत साबित किया है।



**प्रधानमंत्री मोदी ने 114वें एपिसोड में कहा**

### मैं भारत की महानता के गीत गाता हूं

पीएम मोदी ने कहा कि यह ऐसी है जैसे मंदिर जाकर पूजा करना। मैं सभी मीडिया को धन्यवाद करता हूं ,क्योंकि उन्होंने इस कार्यक्रम को घर-घर पहुंचाया है। यूट्यूबर्स ने इस पर कई कार्यक्रम किए हैं। मुझे अच्छा लगता है जब लोग ये कहते हैं कि उन्होंने मन की बात को स्थानीय भाषा में सुना। आज इस पड़ाव पर मैं आपसे आशीर्वाद मांगता हूं। मैं भारत के लोगों की महानता के गीत गाता रहूं।

### जल सहेली ने मृतप्राय नदी को लबालब किया

उन्होंने कहा हर एपिसोड के साथ नई गाथाएं कीर्तिमान जुड़ जाते हैं। हमारे देश में कई लोगों का जीवन निस्वार्थ सेवा में लगा है। उनके बारे में जानकार मैं गर्व से भर जाता हूं। पिछले कुछ सप्ताह से देश के अलग हिस्सों में जबरदस्त बारिश हो रही है। ये हमें जल संरक्षण के बारे में याद दिलाता है। यूपी के झांसी में एक ऐसी ही पहल हुई है। यहां हमेशा पानी की किल्लत रहती है। यहां की महिलाओं ने जल सहेली बनकर मृतप्राय हो चुकी गुरारी नदी को बचाया है। इन जल सहेलियों ने बोरियों में बालू को भरकर पानी को बचाया। नदी को पानी से लबालब कर दिया।

### स्वच्छता अभियान पर बोले-हर गांव में शुरू हो 'थैंक यू' अभियान

पीएम ने उत्तरकाशी में स्थित एक सीमावर्ती गांव 'झाला' का उल्लेख करते हुए वहां के युवाओं द्वारा किए जा रहे स्वच्छता अभियान की सराहना की। यहां के युवाओं ने अपने गांव को स्वच्छ रखने विशेष पहल की है, जिसका नाम है 'धन्यवाद प्रकृति' या 'थैंक यू नेचर' अभियान। गांव में रोजाना दो घंटे सफाई की जाती है। अगर ऐसे ही हर गांव और मोहल्ले में 'थैंक यू' अभियान शुरू करें।

महाराष्ट्र को दी कई सौगातें

### 11,200 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

**पुणे।** पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिएमहाराष्ट्र के लिए 11,200 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे अंडरग्राउंड सेक्शन का उद्घाटन किया। इस अंडरग्राउंड सेक्शन की लागत लगभग 1,810 करोड़ है। पुणे मेट्रो फेज-1 के स्वारगेट-कटराज विस्तार की आधारशिला भी रखी। इस परियोजना पर लगभग 2,955 करोड़ की लागत आएगी।

### बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र का उद्घाटन

*यह परियोजना5.46 किलोमीटर का यह दक्षिणी विस्तार पूरी तरह से भूमिगत है। इसमें तीन स्टेशन मार्केट यार्ड, पद्मावती और कटराज शामिल हैं। बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र का भी उद्घाटन किया। यह राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 7,855 एकड़ क्षेत्र में फैली एक परियोजना है। यह महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर से 20 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। यह परियोजना दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के तहत विकसित की जा रही है। यह परियोजना मराठवाड़ा क्षेत्र में एक वाइब्रेंट इकोनॉमिक सेंटर के तौर पर अपार संभावनाएं पैदा करेगी। यह परियोजना तीन चरणों में पूरी होगी। केंद्र ने 6,400 करोड़ से ज्यादा की धनराशि मंजूर की है।*

स्टालिन सरकार में फेरबदल

## उदयनिधि बने उप- मुख्यमंत्री कई नेताओं को मिला मंत्री पद

राज्यपाल ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ



एजेंसी ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार का रविवार को कैबिनेट विस्तार किया। स्टालिन ने कुछ नए चेहरों को शामिल किया है। कई मंत्रियों की छुट्टी कर दी है। इस सब के बीच स्टालिन ने अपने बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के ओहदे में बढ़ोतरी कर डिप्टी सीएम बनाया गया है।

राज्यपालआरएन रवि ने नवनियुक्त आर राजेंद्रन को सबसे पहले तमिलनाडु के मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इसके बाद वी सेंथिल बालाजी को तमिलनाडु के मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। सेंथिल इसी सप्ताह सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आए थे। इसके बाद डॉ. गोवी चेझियान को तमिलनाडु के मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इसके बाद एम नसर को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

**उदयनिधि बोले**

### पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी मिली

उदयनिधि स्टालिन ने रविवार को कहा कि उपमुख्यमंत्री कोई पद नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह बात उनके पिता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिनद्वारा उन्हें पदोन्नत करके डिप्टी सीएम बनाए जाने की घोषणा के कुछ घंटों बाद कही। 3 विधायकों ने रविवार को दोपहर में सीएम स्टालिन की टीम में कैबिनेट फेरबदल के तहत डीएमके सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। डीएमके नेता सेंथिल बालाजी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 15 महीने तक जेल में रहे थे। उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद मंत्री के रूप में बहाल कर दिया गया है। सेंथिल ने आज मंत्री पद की शपथ ली। इसके अलावा मंत्री पद की शपथ विधायक गोवी चेझियान, एसएम नासर और केएस मस्तान ने ली। सेंथिल बालाजी फिर से बिजली और आबकारी मंत्री बनाए गए हैं। गोवी चेझियान नए उच्च शिक्षा मंत्री बनाए गए हैं।

हाथरस में प्रबंधक-तांत्रिक देते थे धमकी

## बच्चों, स्कूल की बात घर पर बताई तो हम पंखे से लटकाकर पीटेंगे

एजेंसी ⏭ हाथरस

साथी छात्र कृतार्थ की हत्या के बाद से डीएल पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे अभी तक दहशत में है। रात में माता-पिता से चिपककर सोते हैं। दिन में भी सहमे हुए नजर आते हैं। इन्होंने परिजनों को बताया कि प्रबंधक दिनेश बघेल और उसके पिता जसोदन बच्चों को डराते रहते थे। यहां तक कहा जाता था कि यदि स्कूल की बात घर पर बताई को पंखे से उल्टा लटकाकर पिटाई होगी। हत्यारोपियों के गिरफ्तार होकर जेल जाने और स्कूल में ताला लगने के बाद एक-एक कर यहां बच्चों के



साथ होने वाली अमानवीयता की जानकारी बाहर आ रही है। बच्चे और उनके परिजन खुलकर आरोप लगा रहे हैं और पूर्व में हुई घटनाओं की जानकारी दे रहे हैं। गांव आरती की माधुरी ने बताया उसके दो बच्चे एलकेजी एवं कक्षा एक में पढ़ते हैं। हत्या की घटना और प्रबंधक व उसके पिता की करतूतों को सुनकर उनकी भी रूह कांप जाती है।

वन नेशनल, वन इलेक्शन योजना पर कार्यवाही शुरू

# 2 संविधान संशोधन, 3 विधेयक लाएगी सरकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*लोकसभा और राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों में एक साथ चुनाव होंगे!*

वन नेशनल, वन इलेक्शन की अपनी योजना के तहत केंद्र सरकार 3 विधेयक लाने पर विचार कर रही है, जिसमें 2संविधान संशोधन विधेयक होंगे। इस पहल का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए चुनावी कार्यक्रम को एक साथ लाना है।

पहला विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के लिए एक समन्वित कार्यक्रम बनाने के लिए है। यह अनुच्छेद 82ए में बदलाव के लिए है, जिसमें इन चुनावों के लिए एक निश्चित 'नियत तिथि' निर्धारित करने के लिए एक खंड पेश किया गया है।



**उच्च स्तरीय समिति ने विस्तृत रूपरेखा तैयार की**

उच्च स्तरीय समिति ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों में 18 संशोधनों को शामिल करते हुए एक विस्तृत रणनीति की रूपरेखा तैयार की। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के तहत 2 चरणीय कार्यान्वयन की परिकल्पना की गई है।

### दूसरे संशोधन के लिए आधे राज्यों का समर्थन जरूरी

*दूसरे संविधान संशोधन विधेयक को कम से कम आधे राज्यों की ओर से समर्थन की आवश्यकता होगी। इसका ध्यान स्थानीय निकाय चुनावों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने पर है। इसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा ताकि चुनाव आयोग (ईसी) और राज्य चुनाव आयोगों (एसईसी) को एकीकृत मतदाता सूची तैयार करने में सुविधा हो। इस विधेयक का उद्देश्य एक नया अनुच्छेद 324ए पेश करना है, जो नगर पालिकाओं और पंचायतों के साथ-साथ चुनावों के लिए आधार तैयार करेगा।*

### तीसरे संशोधन में केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव की शर्तें होंगी

*तीसरे विधेयक का लक्ष्य केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं-विशेष रूप से पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर- में चुनावी शर्तों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के साथ कराना है। इस विधेयक को संविधान में बदलाव या राज्य विधानसभाओं की ओर से पास कराने की आवश्यकता नहीं है।*

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)